हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शुक्रवार, 31 जनवरी 2025 | अंक 109/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप जीडे के दर्द से परेशान हो ?

•जोडों का दर्द •गठियावात •सन्धिशोध •सरवाइकल पेन पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# सेना के हेलिकॉप्टर से टकराया प्लेन, सभी 67 लोगों की मौत

## > टक्कर के बाद तीन टुकड़ों में नदी में गिरा था विमान

**'अमेरिका में भीषण विमान हादसा हुआ है। हादसा उस वक्त हुआ जब वाशिंगटन के पास रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय एक यात्री विमान सेना के हेलिकॉप्टर से टकरा गया। विमान में 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे।'**

**वाशिंगटन.**



वाशिंगटन डीसी के बाहर रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास अमेरिकन एयरलाइंस के विमान और अमेरिकी सेना के ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर के बीच हुई दुर्घटना में सभी 64 यात्रियों की मौत हो गई है। डीसी फायर और ईएमएस प्रमुख जॉन डोनेली ने कहा कि किसी के भी जीवित बचे होने की संभावना नहीं है। इससे पहले, कानून प्रवर्तन सूत्रों ने भी कहा था कि नदी से कोई भी जीवित नहीं बचा है। अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट 5342 विचिटा, कंसास से रवाना हुई थी, उसमें 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। जब विमान हवाई अड्डे के पास पहुंच रहा था, तो यह एक ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर से टकरा गया, जो एक प्रशिक्षण मिशन पर था। हेलिकॉप्टर में सवार तीन सैनिकों की भी मौत की पुष्टि हुई है.

अमेरिका की फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक, ये हादसा तब हुआ जब एक रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय यात्री विमान हेलिकॉप्टर से टकरा गया। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक, इस हादसे को लेकर जांच की जा रही है। फिलहाल, वाशिंगटन के पास हवाई अड्डे से विमानों की टेकऑफ और लैंडिंग रोक दी गई है।

**उपराष्ट्रपति ने किया ट्वीट**

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने इस हादसे को लेकर ट्वीट किया।

वांस ने कहा- "कृपया आज शाम को रीगन हवाई अड्डे के पास हवा में विमान की टक्कर से जुड़े लोगों के लिए प्रार्थना करें। हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं, लेकिन फिलहाल हम बेहतरी की उम्मीद करें।"

### डोनाल्ड ट्रंप को दी गई जानकारी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई ''इस भयावह दुर्घटना के बारे में पूरी जानकारी दी'' गई है। उन्होंने हादसे में मारे गए यात्रियों के संदर्भ में कहा, ''ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।'' विमान में सवार यात्रियों में फिगर स्केटिंग करने वालों का एक समूह, उनके प्रशिक्षक और परिवार के सदस्य शामिल थे, जो विचिटा में अमेरिकी फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप के बाद आयोजित प्रशिक्षण शिविर से लौट रहे थे।

### व्हाइट हाउस से कुछ ही दूरी पर हादसा

हादसा विश्व के सबसे अधिक सुरक्षा वाले हवाई क्षेत्र में हुआ, जो व्हाइट हाउस और कैपिटल से लगभग तीन मील दूर दक्षिण में स्थित है। जांचकर्ता विमान की टक्कर से पहले के अंतिम क्षणों की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास करेंगे, जिसमें हवाई यातायात नियंत्रकों के साथ संपर्क तथा यात्री जेट द्वारा ऊंचाई खोना भी शामिल है।

## खबरें! एक नजर में!!

### दीप्ति शर्मा को डीएसपी का पद

**आगरा.** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी पूरी दुनिया में अपने शानदार खेल के कारण मशहूर हैं। खिलाड़ियों को उनके अच्छे प्रदर्शन के कारण भारत सरकार द्वारा कई बार इनाम दिया जाता है। कई खिलाड़ियों को नौकरी या अच्छे सरकारी पद दिए जाते हैं। हाल ही में टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को डीएसपी बनाया गया था। अब भारतीय महिला टीम की एक खिलाड़ी वर्दी में नजर आईं हैं। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा हैं। दीप्ति शर्मा को डीएसपी का पद दिया गया है। उन्हें डीएसपी पद के साथ-साथ सरकार की ओर से एक बड़ी धनराशि भी दी गई है।

### सांसद मनोज कुमार को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**कैमूर.** कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र के नाथोपुर गांव के पास स्थित सासाराम संसदीय क्षेत्र के सांसद मनोज कुमार के भाई के स्कूल के पास पैक्स चुनाव जीतने के बाद जुलूस लेकर जा रहे लोगों और विद्यालय के बस चालको के बीच भिड़ंत हो गई। बीच बचाव करने आए सांसद मनोज कुमार को भी बदमाशों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

### यूपीआई पेमेंट को लेकर बदलाव

**नई दिल्ली.** आपको जानकर हैरानी होगी कि पूरे देश में रोजाना सैकड़ों करोड़ यूपीआई ट्रांजैक्शन हो रहे हैं, जिनके जरिए रोजाना हजारों करोड़ रुपये का लेनदेन हो रहा है। आज के समय में दिल्ली-मुंबई जैसे बड़े शहर नहीं बल्कि भारत के छोटे-से-छोटे गांवों में भी जमकर यूपीआई का इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन 1 फरवरी से यूपीआई के नियम में बड़ा बदलाव होने जा रहा है, जिसका सीधा असर यूपीआई ट्रांजैक्शन पर पड़ेगा।

### जजों की हो सकेगी विशेष नियुक्ति

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हाई कोर्ट सेवानिवृत्त जजों को बतौर ऐड हॉक जज नियुक्त कर सकते हैं. हाई कोर्ट में आपराधिक अपीलों की बड़ी संख्या को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया है. यह ऐड हॉक जज नियमित जजों के साथ डिवीजन बेंच में बैठ सकेंगे.

# महाकुंभ मेला क्षेत्र में फिर लगी आग

**प्रयागराज.** महाकुंभ मेला क्षेत्र में एक बार फिर आगजनी की घटना सामने आई है। हालांकि, इस बार समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई। यह आग झूसी छतनाग घाट, नागेश्वर घाट सेक्टर 22 के पास लगी थी। महाकुंभ के सेक्टर 22 में आग लगने से कई टेंट जलकर राख हो गए। मौके पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुट गई। दो फायर टेंडर समय रहते मौके पर पहुंच गई थे। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

पुलिस अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि उन्हें कुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो 15 टेंट में आग लगी हुई थी। फायर ब्रिगेड की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया।

# महाकुंभ में भीड़ होगी नियंत्रित

## > मेला क्षेत्र में लागू हुए नये नियम, बाहरी वाहनों का प्रवेश रोकना और वीवीआईपी पासों को रद्द करना

**प्रयागराज.**

महाकुंभ मेला क्षेत्र में भगदड़ की घटना के एक दिन बाद प्रदेश सरकार ने भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास और तेज कर दिए हैं। बुधवार तड़के हुई घटना में 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी और 60 लोग घायल हो गए थे। हालांकि गुरुवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आना जारी है और भगदड़ की घटना का यहां आ रहे श्रद्धालुओं पर कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा। इस बीच सरकार ने मेला क्षेत्र में भीड़ के प्रबंधन के लिए 5 बड़े उपाय अपनाए हैं, जिनमें बाहरी वाहनों के प्रवेश पर बैन से लेकर वीवीआईपी पासों को रद्द किया जाना शामिल है।



**गोयल और गोस्वामी को दी गई बड़ी जिम्मेदारी**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेला क्षेत्र में पुलिस प्रशासन, एंबुलेंस, 'सक्शन' मशीन की गाड़ी आदि के प्रवेश को बनाए रखा जाएगा क्योंकि इनके बिना मेले का सुचारू संचालन नहीं हो सकेगा। बता दें कि प्रदेश सरकार व्यवस्थाओं को और दुरुस्त करने के लिए कुंभ मेला 2019 में सेवाएं दे चुके वरिष्ठ अधिकारियों आशीष गोयल और भानु गोस्वामी को भी महाकुंभ मेले में तैनात करेगी। पिछले कुंभ के दौरान आशीष गोयल प्रयागराज के मंडलायुक्त थे.

**मेला क्षेत्र में भीड़ के प्रबंधन के लिए अपनाए गए उपाय**

**नो-व्हीकल जोन:** प्रयागराज में नो व्हीकल जोन बनाया गया है और महाकुंभ मेला क्षेत्र में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

**व्हीव्हीआईपी पास रद्द:** किसी को भी व्हीव्हीआईपी पास नहीं दिया जाएगा। सभी व्हीव्हीआईपी पास रद्द कर दिए गए हैं ताकि किसी को भी विशेष प्राथमिकता न मिले।

**वन-वे रूट:** श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए वन-वे ट्रैफिक रूट सिस्टम भी लागू किया गया है।

# हिरासत में ले लिए जाएंगे अवैध प्रवासी

## > ट्रंप ने किये नये कानून पर हस्ताक्षर

**वाशिंगटन.**

अब अमेरिका की सीमा पर पहुंचे ही अवैध प्रवासियों को हिरासत में ले लिया जाएगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध अप्रवासियों की सुनवाई-पूर्व हिरासत की अनुमति देने वाले अपने पहले कानून पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। यह कानून चोरी, सेंधमारी जैसे अपराधों में आरोपित अवैध अप्रवासियों को सुनवाई से पहले हिरासत में रखने का अधिकार देता है। इस 'लेकेन राइली एक्ट' को पहले अमेरिकी संसद के दोनों सदन 'हाउस और सीनेट' में द्विदलीय समर्थन मिला था।

ट्रंप ने 20 जनवरी को कार्यभार संभालने के बाद पहले विधेयक के तौर पर इस पर हस्ताक्षर किए हैं। ट्रंप ने कहा, "इस कानून के तहत,



गृह सुरक्षा विभाग को उन सभी अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लेने का अधिकार होगा जो चोरी, सेंधमारी, डकैती, पुलिस अधिकारी पर हमला, हत्या या गंभीर चोट से जुड़े अपराधों के लिए गिरफ्तार किए गए हैं।" यह कानून जॉर्जिया की 22 वर्षीय नर्सिंग छात्रा लेकेन राइली के नाम पर रखा गया है। छात्रा की वेनेजुएला के एक अवैध अप्रवासी ने हत्या कर दी थी।

**ट्रंप ने कानून को बताया ऐतिहासिक**

डोनाल्ड ट्रंप ने इसे 'ऐतिहासिक कानून' करार दिया। वहीं डेमोक्रेटिक पार्टी से सांसद डिक डर्बिन ने इस कानून की आलोचना करते हुए कहा कि यह संघीय सरकार की शक्तियों को कमजोर करता है और संविधान द्वारा निर्धारित आप्रवासन नीतियों के खिलाफ है।

सीनेट में यह विधेयक 35 के मुकाबले 64 वोट से पारित हुआ, जबकि हाउस में इसे 156 के मुकाबले 263 मतों से मंजूरी मिली। इसके बाद ट्रंप ने इस नये अप्रवासन कानून पर हस्ताक्षर कर दिया।

# रेप के आरोप में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर गिरफ्तार

## पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के बीच में से उठाया

**सीतापुर.**

कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को पुलिस ने गुरुवार को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी उस समय हुई जब वह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। राठौर पर एक महिला से रेप का आरोप है और हाई कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोतवाली नगर पुलिस ने राठौर को उनके आवास से गिरफ्तार किया। उस समय वह मामले पर प्रेस के सामने बयान दे रहे थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बीच में ही पुलिस वहां पहुंची और राठौर को अपने साथ ले गई।

बता दें कि हाई कोर्ट ने बुधवार को वकीलों की दलीलें सुनने के बाद राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बता दें कि इसके पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने रेप के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत याचिका बुधवार को खारिज कर दी थी। जस्टिस राजेश सिंह चौहान की सिंगल मेंबर बेंच ने यह आदेश सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद दिया था।

# जीबीएस के मरीजों का इलाज सरकारी योजना से होगा: फडणवीस

**नई दिल्ली.** नई दिल्ली में मिडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने ये माना की राज्य में लाड़ली बहना योजना में अनियमितता हुई है। कई दूसरे राज्य की महिलाओं ने भी इसका लाभ लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी जांच की जा रही और पुष्टि होने के बाद उन्हें योजना से बाहर किया जायेगा। इसी के साथ मुख्यमंत्री फडणवीस ने बुलढाणा जिले के शेगांव में पानी से हो रही बाल झड़ने की समस्या को गंभीर बताया। फडणवीस ने राज्य के कई शहरों में जीबीएस के मरीज बढ़ने पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार इन दोनों तरह की स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर गंभीर है।

# सीएम भगवंत मान के घर पर पुलिस का छापा

**नई दिल्ली.**

**आज दिल्ली पुलिस के साथ चुनाव आयोग की टीम दिल्ली में मेरे घर कपूरथला हाउस रेड करने पहुंची है। दिल्ली के अंदर भाजपा वाले खुले आम पैसे बांट रहे हैं पर दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग को कुछ नहीं दिख रहा है। इस सब पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही। एक तरीके से दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर पंजाबियों को बदनाम कर रही है, जो की बहुत ही निंदनीय है।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव की बढ़ी सरगर्मियों के बीच आम आदमी पार्टी ने बड़ा दावा किया है। आप के इस दावे ने सनसनी मचा दी है। दरअसल, दिल्ली सीएम आतिशी ने दावा किया है कि पंजाब सीएम भगवंत मान के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर पर रेड की हुई है।

पंजाब सीएम भगवंत मान के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर यह रेड की कार्रवाई दिल्ली पुलिस ने की है। बता दें कि आम आदमी पार्टी ने यह दावा उस वक्त किया है, जब सीएम भगवंत मान इन दिनों पार्टी प्रत्याशियों के लिए दिल्ली में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

दिल्ली सीएम और आप नेता आतिशी ने गुरुवार 30 जनवरी को अपने ऑफिशिल एक्स हैंडल इस बात की जानकारी दी है। इतना ही नहीं, आतिशी ने आगे लिखा कि भाजपा वाले दिन दहाड़े पैसे, जूते, चद्दर बांट रहे हैं- वो नहीं दिखता। बल्कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री के निवास पर रेड करने पहुँच जाते हैं। वाह री भाजपा! दिल्ली वाले 5 तारीख़ को जवाब देंगे!

आतिशी के इस दावे पर दिल्ली पुलिस का बयान भी सामने आया है। दिल्ली पुलिस की तरफ से कहा गया है कि दिल्ली पुलिस की तरफ से ऐसी कोई रेड नहीं की गई है। छापे की कार्रवाई करने रिटर्निंग अफसर की टीम पहुंची है। दिल्ली पुलिस सिर्फ सहयोग के लिए पहुंची है।

इस मामले में रिटर्निंग ऑफिसर का बयान भी सामने आया है। आजतक से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमें सी-विजिल ऐप्लीकेशन पर कैश बांटने की शिकायत मिली थी, अगर कोई शिकायत मिलती है तो उसे वेरिफाई किया जाता है। हमारी टीम कपूरथला हाउस पहुंची है। हालांकि अभी तक टीमआवास में दाखिल नहीं हुए हैं।

पंजाब सीएम भगवंत मान के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर यूं ही छापा नहीं मारा गया। खबर के मुताबिक, रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि सी-विजिल ऐप पर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकता है। शिकायत मिलने पर फ्लाइंग स्क्वायड टीम तुरंत कपूरथला हाउस में कथित उल्लंघन के स्थान पर पहुंच गई।

# 'बुर्का बैन' पर शिक्षा विभाग में कोई भी कायदा नहीं है: प्यारे खान

**नागपुर.**

महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे द्वारा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान बुर्का पहनने पर पाबंदी लगाने को लेकर दिए गये बयान से राज्य की सियासत एक बार फिर गरमा गई है। नितेश राणे ने इस मुद्दे को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भूसे को पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि परीक्षा केंद्रों पर बुर्का पहनने से सुरक्षा और नकल संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। राणे का कहना था कि 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा देने वाली छात्राओं को बुर्का पहनने की अनुमति नहीं होनी चाहिए, यदि आवश्यक हो तो जांच के लिए महिला पुलिस अधिकारी या महिला कर्मचारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। यदि परीक्षार्थियों को बुर्का पहनने की अनुमति दी गई, तो यह पता लगाना कठिन हो जाएगा कि नकल करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या अन्य साधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है या नहीं।

**राणे के बयान पर प्यारे खान का जवाब**

नितेश राणे के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र माइनॉरिटी कमीशन के अध्यक्ष प्यारे खान ने कहा कि इस तरह के बयानों से सरकार



की छवि खराब होती है।

उन्होंने राणे से कहा कि इस प्रकार के गैर-जिम्मेदाराना बयानों से बचना चाहिए। प्यारे खान ने कहा शिक्षा विभाग में कोई भी कायदा नहीं है, नियम नहीं है कि आप यह पहन कर आइए या वो पहन कर आइए। उन्होंने कहा कि यदि किसी की वेशभूषा से तकलीफ है, सिख समुदाय भी पगड़ी बांधता है, यदि लग रहा है कि बुर्के से चीटिंग हो सकती है तो सरकार की तरफ से वहां पर स्कैनर लगाए जा सकते हैं, जिस तरीके की व्यवस्था एयरपोर्ट पर है। उन्होंने कहा कि कोई भी किसी भी तरीके का वस्त्र धारण कर सकता है, इसमें जबरदस्ती नहीं है। प्यारे खान ने राणे को यह भी याद दिलाया कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हाल ही में यह कहा था कि हिंदू नेता बनने के लिए मंदिर-मस्जिद के मुद्दे उठाने की बजाय काम करना पड़ता है। प्यारे खान ने यह टिप्पणी करते हुए राणे को आईना दिखाते हुए कहा कि सिर्फ भाषणों से नेता नहीं बनते, नेता बनने के लिए काम करना पड़ता है।

**महाराष्ट्र के विकास पर जोर**

प्यारे खान ने कहा कि महाराष्ट्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में विकास की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्लिम समुदाय के लिए 15 सूत्री कार्यक्रम की शुरुआत की है, जो सबका साथ, सबका विकास के तहत काम कर रहा है। खान ने यह भी कहा कि मुस्लिम समाज को यह समझ में आ गया है कि किस पार्टी ने वास्तव में विकास के कार्य किए हैं। राणे के बयान को लेकर उन्होंने कहा कि इस प्रकार का बयान सरकार को बदनाम करने की साजिश है, कुछ लोगों के बयान से कोई असर पड़ने वाला नहीं है।

**राणे से ऐसे बयानों से बचने की अपील**

प्यारे खान ने नितेश राणे से अपील की कि वे ऐसे बयान देने से बचें जो आपस में दूरियां पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि नितेश राणे को इस तरीके के गैर-जिम्मेदार बयान से बचना चाहिए, ये महाराष्ट्र के विकास के लिए शोभा नहीं देता। नितेश राणे जिम्मेदार पद पर हैं।

# वक्फ संबंधित जेपीसी रिपोर्ट ओम बिरला को सौंपी

**नई दिल्ली.** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पॉल ने जेपीसी की रिपोर्ट लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी है। बुधवार को समिति ने 665 पन्नों वाली इस रिपोर्ट को 11 के मुकाबले 15 मतों से स्वीकार किया था। इसमें भाजपा के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझाव समाहित हैं।

वहीं विपक्ष के सदस्यों ने इसे असंवैधानिक बताया और आरोप लगाते हुए कहा कि यह कदम वक्फ बोर्डों को बर्बाद कर देगा। भाजपा सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का प्रयास करने वाला है।

# अनमोल बिश्नोई के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी

**मुंबई.**

बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में मुंबई की विशेष अदालत ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में हाल ही में मुंबई पुलिस की टीम ने लगभग 4000 से अधिक पेज की चार्जशीट दायर की थी। कोर्ट ने इस बात को माना की इस हत्याकांड में अनमोल बिश्नोई के खिलाफ सभी सबूत मौजूद हैं।

महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामलों के स्पेशल जज बी.डी.शेलके ने अपने आदेश में कहा कि अदालत का मानना है कि ''वांछित आरोपी बिश्नोई फरार हो गया है या वह समन का पालन नहीं करेगा।'' स्पेशल जज ने कहा कि



इसलिए उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करना आवश्यक है।

**दो अन्य आरोपियों के खिलाफ भी गैर जमानती वारंट जारी**

अदालत ने हत्या में शामिल फरार आरोपी शुभम लोनकर और मोहम्मद यासीन अख्तर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए भी इसी तरह की टिप्पणियां कीं। जज ने कहा कि अदालत ने अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर अप्रैल 2024 में हुई गोलीबारी से संबंधित मामले में अनमोल बिश्नोई को अमेरिका में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रत्यर्पित करने के लिए पहले ही अनुरोध जारी कर दिया है।

पुलिस ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को हुई हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए 26 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। अनमोल बिश्नोई, लोनकर और अख्तर को मामले में वांछित आरोपी बताया गया है। ऐसा संदेह है कि अनमोल बिश्नोई अमेरिका या कनाडा में है। मुंबई के बांद्रा (पूर्व) इलाके में सिद्दीकी के बेटे और पूर्व विधायक जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने 12 अक्टूबर 2024 की रात को सिद्दीकी (66) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के खिलाफ कठोर मकोका के तहत मामला दर्ज किया गया है और वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।


# सेवा निर्यात में पहली छमाही में 11 फीसदी की मजबूत वृद्धि

## > वस्तुओं की तुलना में एक दशक में 85 फीसदी पर पहुंचा

**नई दिल्ली.**

सेवा निर्यात चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल-सितंबर के दौरान 11 फीसदी की मजबूत दर से बढ़ा है। इस दौरान वस्तु निर्यात की वृद्धि केवल 0.1 फीसदी ही रही है। सेवा निर्यात वस्तुओं के निर्यात के मुकाबले 85 फीसदी पर पहुंच गया है।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इन इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के अनुसार, 2024-25 की पहली छमाही में सेवा निर्यात बढ़कर 182 अरब डॉलर पहुंच गया, जो 2023-24 की समान अवधि में 163.9 अरब डॉलर था। 2011-12 और 2023-24 के बीच डॉलर के संदर्भ में वस्तु निर्यात तीन फीसदी व सेवा निर्यात 7.6 फीसदी की दर से बढ़ा है।



सॉफ्टवेयर निर्यात कुल सेवा निर्यात का लगभग आधा हिस्सा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार, 2023-24 में सॉफ्टवेयर सेवाओं के निर्यात के लिए अमेरिका प्रमुख गंतव्य बन गया है। यह भारत के आधे से अधिक सॉफ्टवेयर सेवाओं के निर्यात में योगदान करता है।

### जीडीपी अनुपात में सेवा से आगे वस्तुओं का निर्यात

सेवा निर्यात सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 10 फीसदी हो गया है। माल निर्यात 12 फीसदी से अधिक है। हाल में सेवा निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि मुख्य रूप से कंप्यूटर सेवाओं के निर्यात (विशेष रूप से सॉफ्टवेयर सेवाओं) के प्रभुत्व व अन्य व्यावसायिक सेवाओं की श्रेणी में वृद्धि से प्रेरित है। परिवहन व यात्रा क्षेत्रों से निर्यात ने भी वृद्धि में योगदान दिया है।

# छात्र आगामी शैक्षणिक वर्ष की तैयारी में जुटे

**मुंबई.**



जहाँ छात्र आगामी शैक्षणिक वर्ष की तैयारी कर रहे हैं, वहीं टाटा समूह की प्रमुख वित्तीय सेवा कंपनी टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल) अपने मजबूत शिक्षा ऋण प्रस्तावों के साथ परिवारों के सामने आने वाली वित्तीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए आगे आई है। एजुकेशन लोन प्रोडक्ट पर टिप्पणी करते हुए टाटा कैपिटल लिमिटेड के सीओओ - रिटेल फाइनेंस, विवेक चोपड़ा ने कहा, "टाटा कैपिटल में, हम एक सहज डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से त्वरित ऋण देते हैं। हमारी बढ़ी हुई परिचालन दक्षता ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए हमारी निर्णय लेने की क्षमताओं को मजबूत करती है। डिजिटल परिवर्तन पर यह ध्यान ग्राहकों की ज़रूरतों को गति और सटीकता के साथ पूरा करने के लिए है।"

मैनेजमेंट एंटरेंस एक्ज़ाम्स विदेश में उच्च शिक्षा के लिए मानकीकृत परीक्षा और इंग्लिश लेंग्वेज प्रोफिशियन्सी टेस्ट जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा के साथ ही देश भर के छात्र अब अपने शैक्षणिक भविष्य के लिए पाठ्यक्रम तैयार कर रहे हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ ही, देश भर के छात्र कॉलेज में प्रवेश के महत्वपूर्ण चरण से गुजर रहे हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त करने की वित्तीय आवश्यकताओं को समझते हुए, टाटा कैपिटल लचीले और अनुकूलित शिक्षा ऋण प्रदान करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि छात्र वित्तीय बाधाओं के बिना अपनी आकांक्षाओं पर ध्यान केंद्रित कर सकें।


शिक्षा की लागत के बोझ को कम करने के लिए डिज़ाइन किए गए, टाटा कैपिटल के शिक्षा ऋण 85 लाख रुपये तक के कोलेटरल-फ्री ऑप्शन्स और शिक्षा की कुल लागत को कवर करने के लिए 2 करोड़ रुपये तक के सुरक्षित ऋण प्रदान करते हैं। यह उत्पाद घरेलू और विदेशी दोनों तरह की शिक्षा आवश्यकताओं को पूरा करता है, जिसमें ट्यूशन फीस, रहने का खर्च, अध्ययन सामग्री और विविध लागतों सहित कई तरह के खर्च शामिल हैं। ग्राहक प्रवेश पत्र प्राप्त होने से पहले भी ऋण प्राप्त करने में सक्षम हैं; प्री-वीज़ा आवश्यकताओं को पूरा करना।

कंपनी के आंकड़ों के अनुसार, हैदराबाद, विशाखापत्तनम, बैंगलोर, चेन्नई, मुंबई, पुणे, दिल्ली, वडोदरा, अहमदाबाद, सूरत, मैसूर और कोयंबटूर जैसे शहरों में बड़ी संख्या में छात्रों ने विदेश में अध्ययन के लिए शिक्षा ऋण का विकल्प चुना है। भविष्य के बाजार में फोकस प्रबंधन, इंजीनियरिंग, विमानन, चिकित्सा, प्रौद्योगिकी, अपस्किलिंग कार्यक्रमों जैसे क्षेत्रों में उभरते पाठ्यक्रमों का चयन करने वाले छात्रों की जरूरतों को पूरा करता है।

# अमेज़न इंडिया ने शुरू किया 'दिखोगे तो बिकोगे' अभियान

**नई दिल्ली.**

अमेज़न इंडियाने एकनया ब्रांड दिखोगे तो बिकोगे(जिसका अर्थ है 'यदि प्रचार होगा तो आपका सामान बिकेगा)पेश किया है,जिसमें इस बारे में जागरूकता बढ़ाने की कोशिश की गई है कि भारत में छोटे व्यवसायों के लिए कंपनीके डिजिटल मार्केटप्लेस पर बिक्री करनासरल और प्रभावी है। इसअभियान में तीन रचनात्मक और हास-परिहासभरे विज्ञापन शामिल हैं औरहरेकमेंअलग-अलग परिदृश्य में विक्रेता अपने उत्पादों को बढ़ावा देने और बेचने के लिए अपरंपरागत तरीके अपनाते हैं। ये वीडियो विक्रेताओं के लिए अमेज़नके मार्केटप्लेस के लाभों को उजागर करते हैं,जैसे ग्राहकों की विशाल संख्या, भारत के 100 फीसदी सेवा योग्य पिन कोड और 18 वैश्विक मार्केटप्लेस तक पहुंच। यहअभियान ऑनलाइन बिक्री को सुलभ और प्रभावशाली बनाकर सभी आकार के व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए अमेज़नकी प्रतिबद्धता पर जोर देता है।



एनॉर्मस ब्रांड्स एलएलपी ने इसे डिज़ाइन किया है और इसकी अवधारणा तैयार करने के साथ-साथ इस का निर्माण भी किया है।

एनॉर्मस ब्रांड्स एलएलपी के मैनेजिंग पार्टनर, आशीष खजांची ने कहा, "अमेज़न इंडियाका दिखोगे तो बिकोगे अभियान अब तक की हमारी सबसे दिलचस्प परियोजनाओं में से एक रहा है। हमारा रचनात्मक दृष्टिकोण हास-परिहास के ज़रिये इस बात पर केंद्रित था कि ब्रांड के मालिक और उद्यमी अपने ग्राहकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं। संबंधित परिदृश्यों और एक हल्के-फुल्के कथानक के माध्यम से,हम छोटे व्यवसाय के मालिकों को दिखाना चाहते थे कि हर जगह ग्राहकों तक पहुंचने का एक सरल और अधिक प्रभावी तरीका है - भारत और दुनिया भर में अमेज़नमार्केटप्लेस। यह अभियान विक्रेताओं से उनकी महत्वाकांक्षा को स्वीकार करते हुए उनसे जुड़ता है और साथ ही अमेज़न को व्यावहारिक समाधान के रूप में पेश करता है जो उसकी व्यावसायिक आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदल देता है।"दिखोगे तो बिकोगे अभियान अब टेलीविजन,डिजिटल और सोशल मीडिया चैनलों सहित कई मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिखाया जा रहा है।

# बजट में ठोस उपायों का हो ऐलान

**नई दिल्ली.**

कारों के सेल्स की रफ्तार में कमी ने ऑटोमोबाइल कंपनियों की चिंता बढ़ा दी है. ऐसे में देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने कहा कि एक फरवरी 2025 को पेश होने वाले आम बजट में कंजम्प्शन की गति में सुधार के लिए कोई भी उपाय सुस्त ग्रोथ से जूझ रहे ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री की मदद करेगा. देश की सबसे बड़ी कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनी को उम्मीद है कि मौजूदा वित्त वर्ष की पिछली तीन तिमाहियों में इसी तरह की ग्रोथ देखने के बाद चौथी तिमाही में उसकी रिटेल सेल्स में लगभग 3.5 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है.

तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद एमएसआई के कार्यकारी निदेशक (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती से बजट की उम्मीदों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, "मुझे लगता है



कि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री से जुड़ी ज़्यादातर गतिविधियां अब जीएसटी के दायरे में हैं. लेकिन अगर देश में खपत को गति देने के लिए कोई भी कदम उठाया जाता है, तो यह सभी के लिए अच्छा होगा. उन्होंने कहा, "जो भारत के लिए अच्छा है, वह मारुति के लिए भी अच्छा है. मेरा दृढ़ विश्वास है और इसके विपरीत भी, जो मारुति के लिए अच्छा है, वह भारत के लिए भी अच्छा है. इसलिए, अगर अर्थव्यवस्था अच्छी चलती है, अगर खपत बढ़ती है, तो यह हमारे लिए अच्छा होगा.

# वोक्हार्ट हॉस्पिटल ने पेशेंट सेफ्टी वीक पहल शुरु की

**नागपुर.**

वोक्हार्ट ग्रुप हॉस्पिटल्स को अपने पेशेंट सेफ्टी वीक पहल के शुभारंभ की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो एक समर्पित, सप्ताह भर चलने वाला अभियान है जिसका उद्देश्य रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी), हाई अलर्ट वाली दवाइयों और दवाइयों के पुनर्मूल्यांकन (मेडिटेशन रिकॉन्सिलिएशन) के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह पहल वोक्हार्ट मुंबई सेंट्रल, मीरा रोड, नागपुर और राजकोट सहित सभी वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स के स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को एक साथ लाएगी, ताकि मरीज सुरक्षा प्रोटोकॉल और प्रैक्टिसेज़ के बारे में गहरी समझ बढ़ाई जा सके। पूरे सप्ताह के दौरान, वोक्हार्ट हॉस्पिटल जागरूकता बढ़ाने और प्रेरणा देने के लिए विभिन्न प्रकार की आकर्षक गतिविधियां आयोजित करेगा.

नारा लेखन प्रतियोगिता: वोक्हार्ट का स्टाफ ऐसे प्रभावशाली नारे तैयार करेंगे जो मरीज सुरक्षा के महत्व को उजागर करेंगे। एक मजेदार और



जानकारीपूर्ण क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा जो रैपिड रिस्पांस टीम और हाई अलर्ट वाली दवाइयों से संबंधित प्रमुख मरीज सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में स्टाफ की समझ को परखेगा। यह पहल हमारे मरीजों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करती है। डॉ. क्लाइव फर्नांडीस, ग्रुप क्लिनिकल डायरेक्टर और ग्रुप चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर,वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स ने कहा, "वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स में मरीज़ों की सुरक्षा केवल एक प्राथमिकता नहीं है; यह एक प्रतिबद्धता है जिसे हम समय-समय पर ऐसी गतिविधियां आयोजित करके नवीनीकरण करते हैं। इन कार्यक्रमों के दौरान हम उन प्रोटोकॉल को फिर से मजबूत करते हैं जो मरीजों की सुरक्षा को बेहतर बनाते हैं। हमारे पहल में लेक्चर, क्विज़, जीएमबीए वॉक, और नर्सिंग स्टेशनों और मरीजों के बेड पर व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे सभी सहयोगी नवीनतम ज्ञान और प्रोटोकॉल से अवगत हैं। निरंतर प्रशिक्षण यह सुनिश्चित करता है कि हमारे सभी सहयोगी सबसे नए प्रोटोकॉल और दिशानिर्देशों के साथ अपडेट रहें, जिससे एक ऐसा वातावरण बने जहां मरीजों की सुरक्षा हमेशा पहले हो। यही कारण है कि वोक्हार्ट हॉस्पिटल में जीवन की जीत होती है।

# टाटा मोटर्स को लगा तगड़ा झटका

## > २२ फीसदी कम हो गया मुनाफा

**नई दिल्ली.**

टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा मोटर्स ने 2024 की तीसरी तिमाही के नतीजों को जारी कर दिया है. कंपनी का ऑपरेशन से मुनाफा साल दर साल के हिसाब से 3 फीसदी बढ़कर 1.13 लाख करोड हो गया है. यही नहीं, कंपनी का प्रॉफिट साल-दर-साल के हिसाब से 22 फीसदी कम हो गया है.

नतीजे सामने आने से पहले टाटा मोटर्स का शेयर 3.65 फीसदी तक भाग गया है लेकिन कल यानी



30 जनवरी को टाटा मोटर्स के शेयर पर आपको नतीजों का असर देखने को मिल सकता है. टाटा मोटर्स का मुनाफा 22 फीसदी तक कम हुआ और इसका असर कल शेयर पर पड़ सकता है. टाटा मोटर्स का साल दर साल के हिसाब से कुल मुनाफा 22 फीसदी गिरकर 5578 करोड़ हो गया है लेकिन 2024 की तीसरी तिमाही में कन्सोलिटेड 15 हजार 500 करोड़ रुपए रहा है. चलिए जानते हैं कि कंपनी की सेल्स रिपोर्ट का क्या है हाल? टाटा मोटर्स का इस वक्त इलेक्ट्रिक सेगमेंट में काफी दबदबा है, न सिर्फ इलेक्ट्रिक बल्कि टाटा मोटर्स के पास पैसेंजर व्हीकल से लेकर कर्मशियल व्हीकल तक ग्राहकों के लिए काफी कुछ है.

# पीएनजी ज्वेलर्स ने 50वें स्टोर का पड़ाव हासिल किया

**पुणे.**

महाराष्ट्र के सबसे पसंदीदा ज्वेलरी ब्रांड पीएनजी ज्वेलर्स ने सातारा में अपने नवीनतम स्टोर का शुभारंभ शुरू करके साथ प्रादेशिक आभूषण बाजार में एक आदर्श प्रस्थापित किया है, इसके साथ दुनिया भर में ब्रांड शोरूम की कुल संख्या 50 हो गई है.

अभिनेता स्वप्निल जोशी द्वारा 24 जनवरी 2025 को उद्घाटन किए गए इस स्टोर ने पीएनजी ज्वेलर्स के रिटेल विस्तार का रिकॉर्ड स्थापित किया है. पीएनजी ज्वेलर्स ने 2024 में नवरात्रि के 9 दिनों में 9 स्टोर शुरू किए थे.

इसके बाद 10 जनवरी 2025 को बॉलीवुड दिवा माधुरी दीक्षित के हाथों सोलापुर में स्टोर का उद्घाटन किया गया. इस तरह के नियोजित विस्तार से टियर 2 और 3 क्षेत्रों में आभूषणों के लिए विकसित हो रहे ग्राहकों के प्राथमिकताओं को प्रोत्साहन देने के लिए ब्रांड की रुचि दर्शाता है. यह क्षेत्र भविष्य में आभूषणों और अन्य लक्जरी वस्तुओं के केंद्र बन जाएंगे.

आभूषण प्रेमियों के हर वर्ग की सेवा करने के अपने 193 वर्षों का






अनुभव के मद्दे नजर पीएनजी ज्वेलर्स 30 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है और कई पीढ़ियों से यह महाराष्ट्र में और अमेरिका में एक पसंदीदा भारतीय आभूषण ब्रांड बन गया है.

पीएनजी ज्वेलर्स द्वारा हासिल की गई उपलब्धि पर बात करते हुए, पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष और व्यवस्थापकीय संचालक डॉ. सौरभ गाडगिल ने कहा की, इस लॉन्च के साथ 50 स्टोर्स की पड़ाव तक पहुंचना हमारे लिए बेहद खुशी की बात है. यह हमारी लम्बे सफर में एक अविश्वसनीय पड़ाव है और भविष्य के सभी प्रयासों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम भी है. पीएनजी ज्वेलर्स में हम सभी लोग अपने ग्राहकों द्वारा प्राप्त हुए प्रेम और आदर के लिए आभारी हैं. हम अपने ग्राहकों का विश्वास बनाए रखने और उनके लिए सर्वोत्तम श्रेणी के उत्पाद लाने के हेतु आगे बढ़ रहे हैं और इसके लिए हम नई ऊंचाइयों तक पहुंचने और नए मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

# अर्थव्यवस्था 7.9 फीसदी तक की मजबूत रफ्तार से बढ़ेगी

## > ग्रांट थॉर्नटन सर्वे में अनुमान

**नई दिल्ली.**

उद्योग जगत को उम्मीद है कि अगले वित्त वर्ष 2025-26 में देश की अर्थव्यवस्था 7.9 फीसदी तक की मजबूत रफ्तार से आगे बढ़ेगी। इसे उन्नत प्रौद्योगिकी और कारोबारी सुगमता को बेहतर बनाने के लिए किए गए सुधारों से समर्थन मिलेगा। ग्रांट थॉर्नटन की ओर से कराए गए बजट पूर्व सर्वे के मुताबिक, उद्योग जगत के अधिकतर लोग भारत के आर्थिक परिदृश्य को लेकर आशावादी हैं। उनका मानना है कि वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक वृद्धि दर 6 फीसदी से 6.9 फीसदी के बीच रह सकती है। करीब 22 फीसदी लोगों ने 7.0-7.9 फीसदी की सीमा में मजबूत वृद्धि दर की उम्मीद जताई है।

उद्योग जगत का मानना है कि सरकार ने अब तक जो सुधार किए हैं, उनका सकारात्मक असर अगले वित्त वर्ष में वृद्धि दर को आगे बढ़ाने में दिखेगा। राजकोषीय नीतियों को इन प्राथमिकताओं के साथ जोड़कर आगामी बजट आर्थिकी में समानता और दक्षता सुनिश्चित करते हुए वृद्धि के लिए उत्प्रेरक का कार्य कर सकता है। यह सर्वे विभिन्न उद्योगों के 155 से अधिक लोगों से बातचीत पर आधारित है। संयुक्त राष्ट्र ने कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए वृद्धि अनुमान को 6.6 फीसदी पर बरकरार रखा है।



### मौद्रिक नीति में बदलाव की जरूरत : मूडीज

मूडीज एनालिटिक्स ने बुधवार को कहा, रुपये में गिरावट, घटते विदेशी निवेश और अस्थिर महंगाई के बीच भारत को 2025 में 6.4 फीसदी की जीडीपी वृद्धि हासिल करने के लिए अपनी राजकोषीय एवं मौद्रिक नीति में बदलाव करने होंगे। साथ ही, विश्लेषक फर्म ने उम्मीद जताई कि वित्त वर्ष 2025-26 का बजट घरेलू मांग खासकर निवेश का समर्थन करेगा और राजकोषीय घाटे को 4.5 फीसदी से कम रखने का लक्ष्य रखा जाएगा।

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री
दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी
सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 05 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 30/01/2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- | SD-02 : 2333 | | |
| सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 3363 | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 2612 | 5628 लॉटरी भांडार - नागपूर | 5763 श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई |

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1168 | 1942 | 2923 | 4259 | 5350 |
| 1222 | 1957 | 3469 | 4280 | 5528 |
| 1235 | 2214 | 3558 | 4343 | 5563 |
| 1269 | 2233 | 3655 | 4417 | 5622 |
| 1271 | 2265 | 3767 | 4941 | 5850 |
| 1515 | 2626 | 3821 | 5076 | 5893 |
| 1560 | 2774 | 3841 | 5289 | 5898 |
| 1696 | 2786 | 3931 | 5295 | 5956 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत
तिकीट किंमत रु.50/-
सोडत दिनांक 11-02-2025
जिंका फक्त 5 अंकावर रु. 22 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. (रु. 11 लाखाची x 2 बक्षिसे)
दुसरे बक्षिस रु. 2 लाख (रु. 10 हजाराची x 20 बक्षिसे)
सातवे बक्षिस रु. 12 लाख (रु. 150 ची x 8000 बक्षिसे)
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी सोडत दिनांक 30/01/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
आकर्षक पुष्कराज विकली लॉटरी
सोडत दर गुरुवारी
तिकीट किंमत रु. 50/-
सोडत क्र. 05 सोडत दिनांक 30/01/2025

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख | AP-04 : 1426 | | | | | |
| उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- | पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी | 1426 | महावीर लॉटरी सेंटर - कोल्हापूर श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई | | | |
| | सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी | | | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1297 | 2895 | 3550 | 4438 | 4561 | 5759 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1576 | 2305 | 3260 | 3814 | 4465 | 6877 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1519 | 3338 | 4512 | 5199 | 5593 | 6578 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 3713 | 3942 | 5242 | 5885 | 6074 | 6493 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)
रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1911 | 2295 | 2797 | 3193 | 3680 | 4148 | 4554 | 4905 | 5406 | 5757 | 6186 | 6609 |
| | | 1915 | 2311 | 2798 | 3208 | 3686 | 4187 | 4557 | 4908 | 5413 | 5759 | 6197 | 6621 |
| 1010 | 1316 | 1918 | 2318 | 2808 | 3211 | 3713 | 4198 | 4576 | 4928 | 5415 | 5775 | 6200 | 6627 |
| 1018 | 1319 | 1933 | 2319 | 2820 | 3220 | 3736 | 4214 | 4604 | 4930 | 5417 | 5796 | 6223 | 6634 |
| 1019 | 1381 | 1936 | 2328 | 2821 | 3230 | 3754 | 4260 | 4610 | 4959 | 5425 | 5807 | 6227 | 6635 |
| 1026 | 1383 | 1941 | 2332 | 2823 | 3279 | 3773 | 4292 | 4614 | 4960 | 5477 | 5821 | 6238 | 6665 |
| 1045 | 1405 | 1955 | 2339 | 2849 | 3293 | 3776 | 4294 | 4629 | 4974 | 5485 | 5840 | 6246 | 6668 |
| 1046 | 1412 | 1959 | 2344 | 2850 | 3310 | 3783 | 4296 | 4630 | 4984 | 5489 | 5851 | 6309 | 6670 |
| 1098 | 1417 | 1980 | 2345 | 2871 | 3318 | 3805 | 4308 | 4632 | 4993 | 5491 | 5852 | 6312 | 6671 |
| 1099 | 1430 | 1986 | 2364 | 2872 | 3331 | 3817 | 4350 | 4639 | 5033 | 5512 | 5855 | 6347 | 6679 |
| 1101 | 1455 | 1998 | 2367 | 2880 | 3343 | 3819 | 4352 | 4672 | 5043 | 5525 | 5857 | 6348 | 6696 |
| 1107 | 1520 | 2048 | 2375 | 2882 | 3345 | 3820 | 4354 | 4680 | 5052 | 5527 | 5882 | 6355 | 6697 |
| 1118 | 1522 | 2067 | 2412 | 2883 | 3351 | 3835 | 4379 | 4689 | 5059 | 5529 | 5907 | 6364 | 6735 |
| 1121 | 1559 | 2092 | 2421 | 2892 | 3353 | 3837 | 4382 | 4709 | 5065 | 5543 | 5909 | 6379 | 6742 |
| 1122 | 1577 | 2115 | 2423 | 2897 | 3354 | 3838 | 4402 | 4730 | 5091 | 5547 | 5938 | 6381 | 6759 |
| 1124 | 1604 | 2161 | 2447 | 2909 | 3365 | 3843 | 4409 | 4746 | 5095 | 5554 | 5957 | 6403 | 6760 |
| 1125 | 1610 | 2174 | 2487 | 2922 | 3383 | 3873 | 4416 | 4759 | 5102 | 5557 | 5959 | 6406 | 6766 |
| 1127 | 1615 | 2192 | 2505 | 2924 | 3384 | 3887 | 4417 | 4760 | 5118 | 5562 | 5979 | 6423 | 6767 |
| 1131 | 1644 | 2214 | 2531 | 2929 | 3388 | 3893 | 4428 | 4764 | 5136 | 5579 | 5985 | 6424 | 6775 |
| 1136 | 1655 | 2216 | 2532 | 2949 | 3390 | 3907 | 4434 | 4774 | 5158 | 5591 | 5998 | 6440 | 6789 |
| 1155 | 1667 | 2218 | 2538 | 2966 | 3419 | 3925 | 4436 | 4796 | 5196 | 5593 | 6005 | 6442 | 6819 |
| 1159 | 1671 | 2220 | 2552 | 2979 | 3435 | 3930 | 4438 | 4807 | 5198 | 5597 | 6008 | 6466 | 6862 |
| 1163 | 1701 | 2221 | 2556 | 2992 | 3450 | 3957 | 4444 | 4817 | 5205 | 5625 | 6030 | 6472 | 6865 |
| 1169 | 1710 | 2222 | 2561 | 3013 | 3483 | 4002 | 4449 | 4823 | 5215 | 5630 | 6043 | 6478 | 6869 |
| 1172 | 1730 | 2223 | 2608 | 3036 | 3484 | 4027 | 4453 | 4824 | 5218 | 5637 | 6048 | 6488 | 6872 |
| 1177 | 1757 | 2224 | 2626 | 3054 | 3492 | 4028 | 4464 | 4828 | 5221 | 5641 | 6065 | 6510 | 6876 |
| 1180 | 1761 | 2238 | 2641 | 3060 | 3539 | 4040 | 4468 | 4831 | 5236 | 5652 | 6070 | 6519 | 6903 |
| 1186 | 1786 | 2242 | 2684 | 3083 | 3544 | 4041 | 4478 | 4841 | 5270 | 5655 | 6076 | 6541 | 6927 |
| 1191 | 1801 | 2249 | 2690 | 3090 | 3584 | 4067 | 4483 | 4845 | 5285 | 5661 | 6086 | 6546 | 6936 |
| 1199 | 1805 | 2250 | 2708 | 3093 | 3620 | 4077 | 4484 | 4848 | 5288 | 5668 | 6090 | 6556 | 6962 |
| 1217 | 1811 | 2265 | 2712 | 3102 | 3629 | 4080 | 4490 | 4859 | 5293 | 5717 | 6105 | 6558 | 6964 |
| 1244 | 1816 | 2266 | 2721 | 3132 | 3632 | 4084 | 4493 | 4870 | 5305 | 5722 | 6141 | 6560 | 6969 |
| 1268 | 1831 | 2275 | 2722 | 3149 | 3642 | 4091 | 4507 | 4879 | 5315 | 5737 | 6148 | 6566 | 6976 |
| 1287 | 1880 | 2281 | 2727 | 3168 | 3643 | 4099 | 4539 | 4884 | 5335 | 5743 | 6155 | 6576 | 6979 |
| 1292 | 1881 | 2292 | 2728 | 3186 | 3650 | 4106 | 4543 | 4891 | 5379 | 5746 | 6163 | 6596 | 6988 |
| 1313 | 1887 | 2294 | 2792 | 3188 | 3677 | 4140 | 4548 | 4904 | 5393 | 5755 | 6183 | 6606 | 6991 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत
सोडत दिनांक 21/02/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 50 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. (रु. 25 लाखाची 2 बक्षिसे)
दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे)
तिसरे बक्षिस ₹5 लाख (रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे)
तिकिट किंमत ₹200/-
आकर्षक पुष्कराज सोडत दिनांक 30/01/2025
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे.
प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

## सुविचार

समय के साथ जीवन में परिवर्तन किजिये ,
वरना वक्त बदलने के लिए तिने नाही लगेगा।

## घर पर कविता



प्यारा-प्यारा मेरा घर,
जग से न्यारा मेरा घर,
इस में मिलता मुझको सुख,
यह है तो मुझे न कोई दुख,
इसमें मिलती मुझे को ठंडक,
क्योंकि है यह परिवारों की ख़ुशियों का बंधन,
प्यारा-प्यारा मेरा घर,
जग से न्यारा मेरा घर।

सुमय्या परवीन अंसारी, कक्षा 7 (ब), अंजुमन हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज, सदर, नागपूर.

## संपादकीय

# महाकुंभ में भगदड़ का सबक

❒ महाकुंभ में मची भगदड़ ने पुराने जख्मों को कुरेद दिया है। आजादी के बाद से लेकर अब तक के कुंभ मेलों में कई बार भगदड़ मची है। सैकड़ों लोगों की मौत भी हुई, लेकिन उन सभी हादसों से कभी सबक नहीं लिया गया। हर बार कोई न कोई लापरवाही या व्यवस्था में खामी ही सामने आई। ज्यादातर मामलों में प्रशासन भीड़ को काबू करने में नाकाम रहा। पिछले कुंभ में भी यही हुआ था, जब बड़ी संख्या में प्रयागराज पहुंचे श्रद्धालुओं को रेलवे और जिला प्रशासन संभाल नहीं पाया। स्टेशन पर बने 'फुटब्रिज' पर भगदड़ मची और बयालीस लोगों की मौत हो गई थी। इस बार भी ऐसा ही हुआ। महाकुंभ की सुरक्षा संभाल रहे जिम्मेदार लोगों को पता था कि मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में लोग स्नान के लिए आएंगे, तो इसकी व्यवस्था उसी के अनुरूप क्यों नहीं की गई। स्पष्ट है कि भीड़ प्रबंधन के ठोस उपाय नहीं किए गए। कोई ज्यादा दिन नहीं हुए, जब कुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना हुई थी। तब से वहां सुरक्षा बंदोबस्त बढ़ा दिए गए थे। ऐसे में लाखों-करोड़ों लोगों के जुटान को देखते हुए कई स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था करने की आवश्यकता थी।

यह दुखद है कि हर कुंभ मेले के आयोजन के बाद और बेहतर तैयारियां तथा सुरक्षा प्रबंध पुख्ता करने के दावे किए जाते हैं। मगर हादसे नहीं थमते। इस बार महाकुंभ से पहले ही अनुमान लगाया जा रहा था कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्थल पर पहुंचेंगे। कुंभ मेला स्थल तैयार करते समय अनुभवी अधिकारियों को क्या अनुमान नहीं था कि इस बार बेहिसाब भीड़ पहुंचेगी? जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं और जो आंकड़े दिए जा रहे हैं, उस हिसाब से तो कुंभ परिसर और नदी के तट अपर्याप्त हैं।

इस समय उत्तर प्रदेश सरकार का पूरा अमला आयोजन को सफल बनाने में जुटा है। फिर भी कहां कमी रह गई, यह सवाल स्वाभाविक है। संगम पर लगातार भीड़ बढ़ने और उस पर नियंत्रण के लिए पहले से आकलन क्यों नहीं किया गया? यह सुरक्षाकर्मियों की भी लापरवाही है, क्योंकि वे समय पर संकट को भांप नहीं पाए। मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत होने बात कही जा रही है। 60 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। इस बीच विपक्षी दलों को भी आयोजन में बदइंतजामी का आरोप लगाने का स्वाभाविक अवसर मिल गया है, लेकिन इसी के साथ यह सवाल उठना लाजिमी है कि तैयारियों में कमी कहां रह गई। इस आयोजन के लिए कई हजार करोड़ की राशि खर्च की गई। अत्यधिक प्रचार का असर यह हुआ कि देश के कोने-कोने में रह रहे श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान करने का मानस बना लिया।

नतीजा यह हुआ कि लाखों-करोड़ों लोग अलग-अलग परिवहन साधनों से संगम की ओर चल पड़े। तेरह जनवरी से शुरू हुए इस आयोजन के शुरुआती दौर में ही लाखों श्रद्धालुओं का जुटान होने लगा था। ऐसे में इतने लोगों के लिए पूरे शहर और मेला क्षेत्र में ठहरने के वैकल्पिक प्रबंध करने की आवश्यकता थी। इससे श्रद्धालु एक निश्चित संख्या में क्रम से संगम की ओर जाते और वहां से निकलते जाते, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और सभी इंतजाम धरे के धरे रह गए। करोड़ों की भीड़ को संभालने के लिए सात स्तरीय सुरक्षा भी काम नहीं आई। फिलहाल यह हादसा एक बार फिर कड़ा सबक दे गया है।

डॉ. एम.ए.रशीद, नागपूर


शुक्रवार स्पेशल भाग (73)

# इस्लाम में इंसानों की सेवाएं अल्लाह ईश्वर की बहुत बड़ी आराधना है



**मुस्लिम समुदाय को सेवाओं से संबंधित प्रत्येक हदीस मुबारक को जीवित करना चाहिए।**

इस्लामी शिक्षाओं में पवित्र क़ुरआन और हदीसों में सेवा के पहल को बहुत स्पष्ट किया है कि इन्सानों की सेवा केवल रुपया-पैसा ही से नहीं होती, बल्कि किसी असमर्थ या लाचार की सहायता करना, किसी अन्धे को रास्ता दिखाना, रास्ते से कोई कष्टदायक चीज़ हटा देना, किसी को पानी भर कर देना, यहां तक कि किसी से आदर और विनम्रता के साथ अच्छा व्यवहार करना आदि भी उनकी सेवा ही है और रुपया-पैसा खर्च करने की भाँति यह भी सदक़ा (दान) है। इंसानों की सेवाएं अल्लाह ईश्वर की बहुत बड़ी आराधना की हैसियत रखती हैं। अक्सर ऐसी सेवाएं इंसानों के दुख-दर्द के समय बड़ी कीमती हो जाती है। उस समय परेशान व्यक्ति अपनी सेवा करने वाले को फ़रिश्ते तक के शब्दों से नवाज़ देता है। किसी बेबस , बेसहारे हृदय पर प्रेम और करुणा का मरहम लगाना ईश्वर की प्रसन्नता का सबब होता है और इसी प्रकार ऐसी दुख दर्द बांटने वाली सेवाएं जन्नत यानी स्वर्ग पाने का ज़रिया बन जाती हैं। इसी प्रकार इस्लाम ने विभिन्न सेवाओं में क़र्ज़दारो के साथ सहयोग करने को अल्लाह की रहमतों और बरकतों को पाने का एक बेहतरीन सबब बताया है। इन सेवाओं में किसी बीमार व्यक्ति से मिलना, उसकी सहायता करना, उसे शीघ्र स्वस्थ लाभ की दुआएं देना इस्लाम का अनमोल उपहार है। किसी भूखे को खाना खिलाना बड़ी नेकी और ईमान की निशानी है। पवित्र क़ुरआन की सुरह निसा की पंक्ति क्र 36 में अल्लाह ईश्वर कहता है कि "तथा अल्लाह की इबादत (वंदना) करो, किसी चीज़ को उसका साझी न बनाओ तथा माता-पिता, समीपवर्तियों, अनाथों, निर्धनों, समीप और दूर के पड़ोसी, यात्रा के साथी, यात्रि और अपने दास दासियों के साथ उपकार करो। निःसंदेह अल्लाह उससे प्रेम नहीं करता, जो अभिमानी अहंकारी (डींगें मारता तथा इतराता) हो"। इस्लाम अल्लाह का अवतरित और पसंदीदा धर्म है। इस धर्म में सबसे अधिक सफल व्यक्ति उसे कहा जाता है जो अपने धर्म पर क़ायम रहते हुए लोगों के लिए अधिक उपयोगी हो।इसी संदर्भ में पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया है कि "सारी मख़लूक अल्लाह का परिवार है, अल्लाह के समीप सबसे प्रिय बंदा वह है जो उसके परिवार के लिए सबसे अधिक लाभकारी हो।" इस पहलू पर ध्यान देने से पता चलता है कि हज़रत अबू मूसा अशअरी (रजि०) की रिवायत है कि अल्लाह के रसूल हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि "हर मुसलमान पर सदक़ा, दान करना अनिवार्य है। इसपर आदर्श साथियों (रजि०) ने पूछा कि यदि किसी के पास सदक़ा के लिए कुछ न हो तो क्या करे? आप (सल्ल०) ने फ़रमाया कि अपने हाथ से दूसरे का कोई काम कर दे, उसके पास जो भी साधन सामग्री हो उससे स्वयं भी फ़ायदा उठाए और दूसरों पर भी खर्च करे। आदर्श साथियों (रज़ि०) ने अर्ज किया कि इसकी भी ताक़त न हो तो क्या किया जाए? आपने फ़माया कि किसी पीड़ित तथा मुहताज की (माल के अतिरिक्त किसी अन्य तरीक़े से) सहायता करे। पूछा गया कि यदि यह भी न हो सके तो क्या किया जाए? आपने फ़रमाया कि भलाई का आदेश करे या यह फ़रमाया कि नेकी का हुक्म दे। पूछा गया, यदि कोई व्यक्ति यह भी न कर सके तो? आप (सल्ल०) ने फ़रमाया कि वह बुराई से रुक जाए' उसके लिए यह भी सदक़ा है।" (बुखारी, मुसलिम) इस हदीस के अन्तर्गत हदीस के विद्वानों ने कुछ बातों को स्पष्ट किया है। वह यह कि आर्थिक सदक़े, दान सम्पन्न लोग ही कर सकते हैं लेकिन सदक़ा और खैरात, माल के साथ ही खास नहीं है, इसके और भी तरीक़े हैं। इन तरीक़ों पर आम परिस्थितियों मे व्यक्ति बिना कठिनाई के अमल कर सकता है। हदीस में अच्छे कर्मों का क्रम बयान गया किया गया है, बल्कि उदाहरणों से मसले का स्पष्टीकरण किया गया है। इनके द्वारा या बताना अभिप्रेत है कि आदमी अच्छे कर्मों में से यदि एक पर अमल न कर सके तो दूम पर कर सकता है। जो व्यक्ति इन सबपर अमल कर सके उसे अवश्य ही अमल करना चाहिए। इस हदीस से यह बात भी मालूम होती है कि जहाँ माल खर्च करने की आवश्यकता हो वहाँ माल खर्च करना ही उत्तम है। उसके स्थान पर जिन कर्मों का उल्लेख किया गया है उनका दर्जा उसके बाद है। हदीस में बुराई से बचने को भी सदक़ा कहा गया है। यदि आदमी दूसरे के साथ बुराई करने से रुका रहे तो यह अपने आपपर सदका है। यदि उस बुराई का सम्बन्ध स्वयं उसके व्यक्तित्व से हो तो यह उसपर सदका है। हदीस का सारांश यह है कि संपूर्ण सृष्टि के साथ हमदर्दी और दया का व्यवहार होना चाहिए। यह व्यवहार धन के द्वारा और बिना धन के, दोनों प्रकार से संभव है। धन के द्वारा सहायता के दो तरीके हैं- एक यह कि व्यक्ति के पास धन मौजूद हो और वह खर्च करे। दूसरे यह कि उसके पास धन न हो और वह मेहनत से कमाकर खर्च करे। माल के अतिरिक्त जो सहायता होगी उसके भी दो तरीके हैं। आदमी किसी का कष्ट दूर करेगा या उसे कष्ट पहुँचाने से बचेगा। हदीस के शब्दों में ये सब वे सदक़े हैं जो एक इन्सान दूसरे पर करता है। (फतुल बारी 3/198) उपर्युक्त हदीस का एक और पहलू यह है कि सेवाओं की धारणा के साथ इंसानों में सामान्यतः बड़ी-बड़ी सेवाओं की ओर ध्यान जाता है।



लेकिन उनको करने के लिए हर व्यक्ति अपने अंदर सामर्थ्य नहीं पाता और छोटी-छोटी सेवाएँ जिन्हें आदमी सरलतापूर्वक कर सकता है उन्हें कोई महत्त्व नहीं दिया जाता। इस प्रकार न बड़ी सेवाएँ हो पाती हैं और न छोटी सेवाएं। हदीस में इस मानसिकता को स्पष्ट किया गया है। अल्लाह के रसूल हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने अपने अनेक कथनों में इसकी वास्तविकता को स्पष्ट किया है कि मानवजाति की, छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी जो सेवा भी की जा सकती है, की जानी चाहिए। हर सेवा सदक़ा और उपकार है और इन्सान उसके द्वारा अज्र एवं प्रतिदान का अधिकारी होता है। सेवाओं के सिलसिले की एक और हदीस निम्न में प्रस्तुत की जा रही है कि हज़रत अबू हुरैरा (रज़ि०) से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि "प्रतिदिन जब सूर्योदय होता है तो आदमी के जोड़-जोड़ पर सदक़ा अनिवार्य (वाजिब) हो जाता है।" परन्तु सदक़ा माल ही का नहीं होता, बल्कि उसके कुछ अन्य तरीके भी हैं। इसको आपने इस प्रकार स्पष्ट किया कि "कोई व्यक्ति यदि दो आदमियों के बीच न्याय कर दे तो यह भी सदक़ा है, किसी को जानवर पर सवार होने में सहायता कर दे तो यह भी सदक़ा है, सवारी पर किसी का सामान लाद दे तो यह भी सदक़ा है, मुँह से अच्छी बात कहे तो यह भी सदक़ा है, इसी प्रकार नमाज़ के लिए जो क़दम उठाए तो यह भी सदक़ा है। रास्ते से किसी कष्टदायक चीज़ को हटा दे तो यह भी सदक़ा है।" (बुखारी, मुसलिम) इन हदीस मुबारक को अपना कर मुस्लिम समुदाय को संपूर्ण सृष्टि के साथ हमदर्दी और दया के व्यवहार करने में तेज़ी लाकर अपनी अहम भूमिका को निभाना चाहिए। आज मरीज़ विभिन्न अस्पतालों में भर्ती रहते हैं, आस पड़ोस में कोई न कोई बीमारी से पीड़ित रहता है। उस मरीज़ को देखने जाना और उसके स्वस्थ्य लाभ की दुआएं देकर हमें इस सुन्नत को और सेवाओं से संबंधित प्रत्येक हदीस मुबारक को जीवित करना चाहिए। मुस्लिम समुदाय को चाहिए कि वह सेवाओं के किसी भी अवसर को न छोड़े।

# पेश हो स्वस्थ विकसित भारत के लक्ष्य वाला बजट

❍ भारत सरकार ने देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था एवं विकास देश की स्वस्थ, कुशल एवं उत्पादक आबादी पर निर्भर करती है। 2047 तक आर्थिक रूप से विकसित राष्ट्र बनने की भारत की आकांक्षा एक स्वस्थ, कुशल एवं उत्पादक आबादी होने के लक्ष्य से जुड़ी हुई है। इस वर्ष का आम बजट स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता देने वाला तथा स्वस्थ विकसित भारत केंद्रित होना चाहिए। जनसंख्या स्तर पर स्वास्थ्य संवर्धन और रोग निवारण को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए, व्यक्तियों के विकृत स्वास्थ्य को निदान और उपचारात्मक सेवाओं के कुशल और न्यायसंगत वितरण के माध्यम से तेजी से बहाल किया जाना चाहिए। यदि ऐसी मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली को 2047 में युवा जोश के साथ काम करना है, तो इसे 2025 में सक्रिय होना चाहिए। यह लेख केंद्रीय बजट के विभिन्न पहलुओं और अपेक्षाओं और भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की चुनौतियों पर चर्चा करता है, साथ ही उन कारणों को भी रेखांकित करता है कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत जैसे विकासशील देश के लिए स्वास्थ्य सेवा पर बजटीय ध्यान क्यों अनिवार्य है? देश की विशाल जनसंख्या और देश के अधिकांश लोगों को उपलब्ध निम्न गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सुविधाओं को देखते हुए स्वास्थ्य सेवा भारत के लिए एक अनिवार्य क्षेत्र है। स्वास्थ्य के लिए केंद्र सरकार पिछले वर्ष का कुल बजट लगभग 90,000 करोड़ रुपये था और जब देश की विशाल आबादी से विभाजित किया जाता है, तो यह संख्या प्रत्येक नागरिक के लिए मात्र 615 रुपये में बदल जाती है। भारत ने अपने लोगों से स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कई वादे किए हैं, जिसमें 2025 तक टीबी का उन्मूलन, सिकल सेल एनीमिया मुक्ति से लेकर 2032 तक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना शामिल है। हालाँकि, पिछले लुक बजट में स्वास्थ्य सेवा के लिए किया गया मामूली आवंटन इन आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदलने में बहुत कम मदद करता है। इसके अलावा, यह आवंटन देश में तेजी से बढ़ती उम्रदराज आबादी के लिए उचित स्वास्थ्य सेवा और भारतीय महिलाओं में एनीमिया की व्यापकता जैसे विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों



को हल करने में भी असमर्थ है, इसके अतिरिक्त स्कूल जाने की उम्र के 35.5% भारतीय बच्चे अविकसित हैं, जबकि उनमें से 19.3% कमज़ोर हैं।

अपने पूरे इतिहास में, बजट ने अपने रक्षा और बुनियादी ढांचे के परिव्यय को बढ़ाने पर गहरी नजर रखी है, लेकिन हमें जिस प्रश्न का उत्तर देना चाहिए वह यह है कि यदि देश की जनता अस्वस्थ है, तो चल रहे विकास और आर्थिक वृद्धि से वास्तव में किसे लाभ होगा। और क्या हम स्वस्थ आबादी के बिना विकसित भारत के लक्ष्य को हसिक कर पाएंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017, आर्थिक सर्वेक्षण 2021 और 2022-23 तथा 15वें वित्त आयोग ने भी सरकारी व्यय को जीडीपी के कम से कम 2.5% तक बढ़ाने पर जोर दिया है। इस बजट में स्वास्थ्य बजट जीडीपी के कम से कम 2.5% होना चाहिए। हमें भारत में प्राथमिक और माध्यमिक स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने और गांवों (हमारी 65% आबादी का घर) और टियर 2 और 3 शहरों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने की आवश्यकता है ताकि भारत की बढ़ती आबादी की मांगों को पूरा किया जा सके और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके और जब तक जीडीपी के प्रतिशत के रूप में स्वास्थ्य सेवा के लिए आवंटन में सुधार नहीं होता, तब तक ऐसा नहीं हो पाएगा। स्वास्थ्य सेवा में निवेश बढ़ाना सामाजिक स्वास्थ्य बीमा के कवरेज को बढ़ाने, अनुसंधान और विकास में सुधार और स्वास्थ्य सेवा की बेहतर पहुँच और वितरण के लिए डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को आगे बढ़ाने के लिए भी महत्वपूर्ण है। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के नेतृत्व केंद्रित सबके लिए स्वास्थ्य के लक्ष्य को हासिल करने का सबसे उत्कृष्ट माध्यम है, हमारे आने वाले बजट एवं हमारी स्वास्थ्य प्रणालिया इस पर केंद्रित होनी चाहिए। इसके लिए सार्वजनिक वित्तपोषण के उच्च स्तर की आवश्यकता है।

इसके अलावा, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवा की ओर अधिक झुकी हुई है – निवारक (प्रिवेंटिव) स्वास्थ्य सेवा को सरकारी बजट का केवल 14% ही प्राप्त होता है, जिससे दीर्घकालिक अक्षमताएँ और स्वास्थ्य सेवा लागत में वृद्धि होती है। इस वर्ष के बजट में, सरकार को निवारक स्वास्थ्य सेवा के लिए धन आवंटित करना चाहिए, जिसमें एनीमिया और मधुमेह और हृदय संबंधी स्थितियों जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों, स्वास्थ्य जांच और कल्याण कार्यक्रमों जैसे प्रचलित स्वास्थ्य मुद्दों पर लोगों के बीच जागरूकता अभियान शामिल हैं। सरकार द्वारा डिजिटल स्वास्थ्य मिशन को सरकार द्वारा वित्त पोषित और संचालित सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में उत्तरोत्तर एकीकृत किया जा रहा है, अधिकांश निजी स्वास्थ्य सुविधाओं ने इसे सक्रिय रूप से नहीं अपनाया है। यह भारत की मिश्रित स्वास्थ्य प्रणाली में भारी विसंगति पैदा करता है।

यह जनसंख्या स्तर पर उचित और सस्ती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए हानिकारक है और व्यक्तिगत रोगियों के स्वास्थ्य को खतरे में डाल सकता है। इसके अलावा, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, डेटा साझाकरण को सुव्यवस्थित करने और रोगी परिणामों में सुधार करने के लिए मजबूत वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। प्राथमिक स्वास्थ्य सिस्टम और सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रमों के बीच की बेहतर सामंजस्य के लिए भारत की डिजिटल तकनीकों का उपयोग करना आवश्यक है. डिजिटल डेटा बैंकों को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के डेटा रिपॉजिटरी और रेफरल सिस्टम को जोड़ना चाहिए.

-डॉ. महावीर गोलेच्छा

## कहानी

धर्मेंद्र निर्मल

# थप्पड़

❒ गुड़ी की नजर से बचकर कोई बात न तो गाँव में पाँव धर सकती है न ही पाँव उठाकर गाँव के बाहर जा सकती है।गाँव की गुड़ी ऐसी जगह है जहाँ सुबह- शाम देर तक दो-चार आदमी गपशप लड़ाते बैठे ही रहते है। यह अभी की बात नहीं , बाप-दादों के जमाने से चला आ रहा है। इस नए जमाने में बस यही एक मौन और गुप्त परम्परा जीवित है जो गुप्त गंगा की भाँति इस बदलते समाज की रेत पर अभी तक निर्बाध रूप से बहती चली आ रही है।यह सिलसिला संभवतः कई पीढ़ियों तक जारी रहेगा। अब यह बताना संभव नहीं है कि गुड़ी पर बैठना लोगों की परिपाटी है या लोगों का बैठना गुड़ी की अपनी परिपाटी है। हाँ ! मगर इतना जरूर कहा जा सकता है कि लोगों का बैठना ही गुड़ी की पहचान है।विजय दिन में कम से कम दो बार सायकल चलाते हुए गुड़ी से होकर जरूर गुजरता। गुजरते सब, पर विजय के गुजरने में एक खास बात थी। पहले एकाध शक्की नजर पड़ी। दो- चार दिन बाद शक को सबूत मिला। फिर बात आम से खास हो चली। आम दिनों में आम लोगों की तरह विजय का गुड़ी से गुजरना भी पहले आम बात ही थी। विजय, लाभचंद का छोटा लड़का। महज दस साल का। तीन महीने पहले ही सायकल चलाने में दक्ष हुआ।

वैसे तो वह सायकल सीखने की कोशिश साल भर से रहा था। पहले पहल वह सायकल पकड़े फकत घूमा करता। पैदल। गली -गली। कभी सड़कों पर तो कभी मैदान में। कभी साइकल की चैन तोड़कर लाता। कभी अपनी पैंट फाड़ डालता तो कभी लहू बहाती कुहनी लिए आता। पर इन सबके बाद भी उसके मासूम चेहरे पर घुँघराले बालों के बीच छिपा आत्मविश्वास मुस्कुराता रहता।सफलता के हर ताले की एकमात्र कुंजी है -आत्मविश्वास। आखिर उसने साइकल चलाना सीख ही लिया। पहले कैंची फाँक, फिर डण्डी में। उसके बाद सीट में बैठकर चलाना सीखा। ऑफिस से लौटते समय गले तक तो भट्ठी में ही पी लेता। साथ में एकाध शीशी और रख लेता। घर आकर फिर चढ़ाता। वह शराब से मुँह धोता और उसी से अचोंता। लाभचंद यूँ ही पियक्कड़ नहीं हुआ। उसकी भी अपनी एक रामकहानी है। वैसे तो हर आदमी की कोई न कोई अपनी एक रामकहानी अवश्य होती है। इस तरह हर आदमी अपनी -अपनी रामकहानी का नायक होता है। लाभचंद छः साल का था, माता-पिता दोनों गुजर गये। देखरेख व पढ़ाई उनके चाचा के जरिये हुई। लाभचंद के चाचा बलराम बडें नेक, समझदार व उदारमना थे। लाभचंद की शिक्षा- दीक्षा में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने पूरी कोशिश की कि लाभचंद को कभी-भी मां -बाप की कमी का एहसास न हो ।

वह चंचल और होशियार तो बालपन से ही था। बहुत जल्दी बिजली विभाग में मिस्त्री हो गया। दो हेल्पर साथ लेकर साईड जाता। साइड में अतिरिक्त आय की कोई कमी नहीं थी। सौ-पचास रोज मिल जाते। वे उसे आपस में बाँट लेते। कभी-कभी बराबर बाँटने में परेशानी होती। कभी कम मिलने से बाँटना अच्छा नहीं लगता और उसे किसी के पास छोड़ रखना भी नहीं भाता। वे कभी-कभार इन्हीं झटकों से एकाध पौवा मिल -बाँटकर पी लेते। बस यही कभी-कभार कब रोजाने में बदल गया किसी को भनक नहीं लगी, खुद लाभचंद को भी नहीं। इस तरह कल का सीधा -सादा होनहार लाभचंद आज का बेवड़ाराम हो गया।

## व्यंग्य

श्याम सुंदर व्यास

# उधारी का दर्शन

❒ उधारी, मध्यमवर्गीय मंहगाई के मारों के लिए सदैव से संकट-मोचक रही है. वेतनभोगियों की जेब एक तरफ से चील का घोंसला है. अगर हाथ खुला हो तो हमेशा तंग रहता है. चादर के अनुसार पाँव पसारने की आदत हो तो बात दूसरी है वरना उधारी वह 'इलास्टिक' है जिसे खींच-खींचकर कभी अपना सिर ढका जा सकता है, कभी पाँव. साख बचाने का यही सहज मार्ग है.उधारी को कभी मुहब्बत की कैंची कहा जाता था. आजकल इसे संबंध जोड़ने वाला 'फ़ेवीकोल' समझा जाता है. 'आज नगद, कल उधार' - वाला कथन घिस-पिट गया है. बाजार में उधारी का बोलबाला है. लुभावने विज्ञापन सामने आ रहे है. मकान खरीदना हो तो अर्थ की व्यवस्था है, गाड़ी या स्कूटर लेना हो तो आसान किस्तों पर सुलभ है. यह एक प्रकार की उधारी व्यवस्था है. व्यवसाय के पंगु -पाँव उधारी से थिरकने लगे हैं. विकास का दरवाजा उधारी की चाबी से खुलता है और अगर आपकी कुछ 'साख' है तो उधारी के अनेक दरवाजे आपके लिए खुले पड़े हैं.पान-बीड़ी और परचूनी की दुकाने से लगाकर वित्त निगमों तक आप अपनी 'साख' को भुना सकते हैं. एक बार साख जमी कि आपकी पौ बारह. साख जमाने का सरल गणित है समय पर भुगतान. सामने वाला आपको परखता है और जब उसे विश्वास हो जाता है कि 'आसामी' डूबत खाते वाला नहीं है, न रास्ता बदलने या नज़रें चुराने वाला तो आपकी सीमित चादर, उधारी के पैबन्द से लम्बी चौड़ी हो जाती है. उधारी आदमी को अपनी आय से कुछ ज्यादा ही छलांग लगाना सिखा देती है. जेब को देखकर मन मारना नहीं पड़ता. मुँह खुला की माल हाजिर. उधार लेने वाला महंगा सस्ता नहीं देखता और मोलभाव नहीं करता. उधार देने वाला एक का सवाया-डेढ़ा कर इसलिए दे देता है कि बकरी कसाई की बोटी हज़म नहीं कर सकती. पैसा एकदम नहीं तो धीरे-धीरे वसूला जा सकता है. उधारी का धंधा सहनशीलता पर चलता है. लेने वाला भी सहनशील, देने वाला भी सहनशील. न यह ताव खाकर उधार मांगता है और न वही देर-सबेर होने पर आंखें दिखाता है. महीन चुटकी, उधार लेने वाले को तिलमिलाती नहीं, गुदगुदाती है क्योंकि उधारी चमड़े को अकसर मोटा कर देती है. टोका-टोकी उधारी का प्रेमालाप है और झक्कूबाजी वह महीन डोर, जो दोनों पक्षों को जोड़े रखती है.

## बाल विज्ञान-कथा

कल्पना कुलश्रेष्ठ

# ऐली की दुनिया में

❒ राजन की आँखें खुलीं तो उसने स्वयं को एक फुटपाथ पर खड़े हुए पाया। चौड़ी, साफ कांच जैसी चमकदार सड़क पर बेशुमार गाड़ियां बिजली की गति से आ-जा रही थीं। न सिर्फ सड़क बल्कि आसमान में भी तरह-तरह के वाहन उड़ते दिखाई दे रहे थे जिनके इंजन और हॉर्न की आवाजें मधुर संगीत की तरह सुनाई दे रही थीं। अत्यंत ठंडी हवाओं में विचित्र सी ताजगी भरी महक घुली हुई थी। यकायक कुछ याद आते ही वह भय से सिहर उठा। रात साढ़े बारह बजे तक वह अपने कमरमें में पढ़ता रहा था। अगले दिन उसकी कैमिस्टी के प्रयोगात्मक परीक्षा थी। एक तो अगस्त की चिपचिपी उमस भरी गर्मी तो दूसरी ओर कैमिस्ट्री की जटिल रासायनिक अभिक्रियाएं। बिजली न होने के कारण पड़ोस के घरों में जनरेटर चल रहे थे जिनका कड़वा धुआं और शोर उसे परेशान किए हुए था। तंग आकर वह थोड़ी चहलकदमी करने के इरादे से बाहर लॉन में आ गया था। अभी दो-चार कदम ही चला कि था आंखों के आगे अंधेरा छा गया। चारों ओर घूमती सांय-सांय करती तेज हवा तक सुरंग की तरह उसे अपनी ओर खींच रही थी। उसक पैरों के नीचे से ठोस जमीन सरक गई थी और वह उसी काली सुरंग में गिरता चला जा रहा था। पलक झपकते ही यह सब कुछ घटित हो चुका था। फिर वह चेतना खो बैठा था। परंतु यह सब क्या था। अपने छोटे से शहर के लॉन से वह यहां जगमगाती, आसमान छूती इमारतों के शहर में कैसे आ गया था? न जाने यह कौन सी जगह थी। शायद वह सपने में था। उसने अपना सिर जोर-जोर से झटका, हाथ-पैर पटके और कूदने लगा। इस पर भी जब सपना नहीं टूटता तो उसने चीखना शुरू कर दिया। थोड़ी दूर पर खड़ी एक लड़की बड़ी दिलचस्पी से उसकी ये हरकतें देख रही थी। आखिरकार जब रोने को आ गया तो वह उसके पास आई। ''मैं कहाँ हूँ, इस सपने में मुझे जगाओ प्लीज'' राजन ने गिड़गिड़ाकर कहा। हरे बालों और सुनहरी रंगत वाली उस लड़की की आंखें आश्चर्य से फटी रह गइर्ं। ''यह कोई सपना नहीं है। तुम जंजीरा सौरमंडल के पथरा ग्रह पर हो'' उसने कहा।''ओह तो तुम कहना चाहती हो कि मैं पृथ्वी पर नहीं हूँ. लेकिन मैं यहां कैसे पहुंच गया?'' मेरे सैंसर मुझे संकेत दे रहे हैं कि तुम कोई अजनबी हो। लेकिन तुम यहां किस तरह...शायद तुम किसी समय-सेतु में प्रवेश कर गए होंगे'' उसने सोचते हुए कहा। समय-सेतु... वह क्या है?'' राजन विचलित हो उठां ''समय एक सतत धारा नहीं वरन कालखंडों की लड़ी की तरह है इन कालखंडों के बीच अत्यंत सूक्ष्म गैप है जो समय-विहीन होते हैं। बिलकुल उसी तरह जैसे मोतियों की लड़ी में मोतियों के बची गैप होते हैं। इस गैप में दूसरे संसारों की समय लड़ियां समाई हो सकती हैं। समय-सेतु वे हैं जिनके दोनों सिरे विभिन्न संसारों के कालखंडों में खुलते हैं।


शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक में यौन रोग (सेक्स समस्या) पर सफल इलाज




सीताबर्डी टेम्पल बाजार स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक में यौन रोग एवं सेक्स संबंधित सभी समस्याओं पर प्रभावकारी एवं सफल इलाज किया जाता है। रोज की जिंदगी में यौन समस्याएं जैसे शीघ्रपतन बांझपन इत्यादि, के कारण सामाजिक एवं वैवाहिक जीवन में अनेक समस्याओं का सामना करना तथा वैवाहिक कलह, मनमुटाव आदी का भी सामना करना पडता है। अतः इन समस्याओं का शीघ्र समाधान होना आवश्यक है। रोज की भागदौड़ के जीवन में टेंशन, अनिद्रा इनक्षकारणों तथा खानपान में पोषक तत्वों के अभाव या असमय खाना पीना इन कारणों से यह समस्या उत्पन्न होती है। इसका इलाज समोपचार औषधी चिकित्सा से संभव है। महाशक्ति कवच, रे-टोन सिरप, कप नाईट पावर इन दवाओं से इन समस्याओं का समाधान आयुर्वेदिक एजेंसी सिताबर्डी, टेम्पल बाजार रोड नागपुर में सफलतापूर्वक किया जाता है। अधिक जानकारी के लिए 9112079000 / 8605245080 फोन पर संपर्क करे और आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ उठाकर अपनी समस्याओं का समाधान पाकर खुशहाल जीवन व्यतीत करे.



शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में 9112079000 / 8605245080 इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें.


नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# महाराष्ट्र बोर्ड परीक्षाओं में बुर्के पर लगाई जाए रोक

## > राणे ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**मुंबई.**





राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं कुछ ही दिनों में शुरू होने वाली हैं. 12वीं की परीक्षाएं 11 फरवरी से और 10वीं की परीक्षाएं 21 फरवरी से आयोजित की जाएंगी. इसी बीच, राज्य के मत्स्य विकास मंत्री नितेश राणे ने एक नई मांग उठाते हुए परीक्षा केंद्रों में बुर्का पहनकर प्रवेश न देने की सिफारिश की है. उन्होंने इस संबंध में शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा है, जिसमें परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और किसी भी अनुचित गतिविधि को रोकने के लिए यह कदम उठाने की अपील की गई है.अपने पत्र में नितेश राणे ने इस बात पर जोर दिया है कि परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि बुर्का पहनकर परीक्षा देने की अनुमति देने से यह सुनिश्चित करना कठिन हो जाएगा कि कोई परीक्षार्थी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग तो नहीं कर रही है. उन्होंने यह भी तर्क दिया कि यदि परीक्षा केंद्र में बुर्का पहनने की अनुमति दी जाती है और भविष्य में कोई आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होती है, तो सामाजिक और कानून व्यवस्था की समस्या खड़ी हो सकती है. इसके अलावा, इससे अन्य छात्रों को भी परेशानी हो सकती है.

**महिला पुलिसकर्मियों की नियुक्त की जाए**

उन्होंने आगे सुझाव दिया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि की संभावना को खत्म करने के लिए महिला पुलिसकर्मियों या शिक्षकों को निरीक्षण के लिए नियुक्त किया जाए. बोर्ड परीक्षाएं छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं, क्योंकि उनका शैक्षणिक भविष्य इन्हीं परीक्षाओं पर निर्भर करता है. सरकार भी हर साल परीक्षा प्रणाली को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश जारी करती है.

### परीक्षा केंद्रों पर होगी सख्ती

परीक्षा केंद्रों पर नकल और अनुचित साधनों को रोकने के लिए विशेष सुरक्षा उपाय किए जाते हैं. इस साल भी महाराष्ट्र सरकार ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सख्ती से निगरानी रखने की योजना बनाई है. इसी क्रम में नितेश राणे ने अपनी मांग रखते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा के दौरान यदि छात्राएं बुर्का पहनकर परीक्षा देती हैं, तो उनकी सही पहचान और निष्पक्षता सुनिश्चित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है. इसलिए उन्होंने मांग की है कि इस विषय पर राज्य सरकार जल्द से जल्द उचित कदम उठाए.

## टायर फैक्ट्री के बॉयलर में विस्फोट

**नई दिल्ली.** पालघर जिले के वड़वाली गांव में बुधवार शाम को एक दुखद घटना हुई जब एक टायर फैक्ट्री में बॉयलर फटने से भीषण आग लग गई. इस हादसे में दो बच्चों सहित कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना वाडा तहसील के कुदुस औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री में शाम 6 बजे के बाद हुई. पालघर आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि फैक्ट्री में दो बॉयलरों में तेल की प्रोसेसिंग चल रही थी, तभी अचानक दबाव बढ़ने से एक बॉयलर की पाइप फट गई. इससे भयानक विस्फोट हुआ और तुरंत आग लग गई. इस दुर्घटना में तुफान कलसीम डामोर (30), रोशनी प्रवीन परमार (26), मुला प्रेम वासर (27), और दो बच्चे काजल परमार (3 साल) और आकाश प्रेम मासर (18 महीने) गंभीर रूप से घायल हुए. ये सभी लोग मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के निवासी बताए जाते हैं. सूत्रों के अनुसार, कुछ घायल फैक्ट्री के नजदीक के घरों में रहने वाले थे. शुरुआती उपचार के लिए सभी घायलों को एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, परंतु चार की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ठाणे के अस्पताल में रेफर कर दिया गया.

# ठाणे में एटीएस की कार्रवाई

## > 4 अवैध बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

**ठाणे.**




महाराष्ट्र में आए दिन अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा जा रहा है। हाल ही में बुधवार को नागपुर और मुंबई से भी अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें महिला, पुरूष भी शामिल है, जिन्हें अब सुरक्षा के लिए खतरा बताया जा रहा है।

महाराष्ट्र पुलिस ने बताया कि ठाणे पुलिस की मानव तस्करी निरोधक शाखा ने ठाणे पश्चिम के मनोर पाड़ा इलाके में अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी मूल की 4 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि अवैध प्रवासियों को किराए पर अपना मकान देने वाले मालिक की तलाश की जा रही है।

गिरफ्तार की गई महिलाओं में शाजिदा खातून, उम्र 38 वर्ष, शालिना मुल्ला, उम्र 50 वर्ष, रत्ना खातून, उम्र 40 वर्ष और रेशमा ढाली, उम्र 40 वर्ष शामिल हैं। पुलिस ने इन महिलाओं के खिलाफ पासपोर्ट अधिनियम और विदेशी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इन महिलाओं के अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी होने की जानकारी होने के बावजूद इन महिलाओं को अपना घर किराए पर देने के लिए उनके मकान मालिक नितिन कोंडिलकर पर भी विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। बता दें कि इससे पहले नागपुर के यशोधरानगर में पुलिस ने 2 बांग्लादेशी भाइयों को गिरफ्तार किया था। उनके पास नागपुर के रहवासी होने के दस्तावेजों के साथ बांग्लादेशी नागरिक होने के भी दस्तावेज मिले थे। भारत में बनाया गया उनका पासपोर्ट अब रद्द करके उन्हें वापस बांग्लादेश भेजने की तैयारी की जा रही है। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने दावा किया है कि भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक और रोहिंग्या सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ी चिंता का विषय हैं और यह समाज का इस्लामीकरण किए जाने का एक प्रयास है। इस मामले में नितेश राणे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने यह भी कहा कि अवैध प्रवासियों को भारत में रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। नितेश राणे ने यहां पत्रकारों से कहा, ''अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं का यहां रहना सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ा खतरा है। ये हमारे समाज का इस्लामीकरण किए जाने का एक प्रयास है। पिछली घटनाओं से पता चलता है कि यह मुंबई और देश के लिए एक गंभीर खतरा है।

# शादी समारोह में जुड़ रहे ठाकरे गुट और महायुति के तार

**मुंबई.** राज्य में ठाकरे गुट और भाजपा के फिर से एक होने की चर्चाएं हैं। पिछले कुछ दिनों में ठाकरे और भाजपा के बीच नजदीकियां भी बढ़ी हैं। शीतकालीन सत्र के दौरान उद्धव ठाकरे ने देवेंद्र फडणवीस से उनके कार्यालय में मुलाकात की थी। ठाकरे ने देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई दी थी। इसके बाद चर्चाएं हैं कि राज्य में जल्द ही भाजपा-ठाकरे गठबंधन हो जाएगा। अब जब उद्धव ठाकरे भाजपा नेता पराग अलवानी की बेटी की शादी के मौके पर वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे तो भाजपा मंत्री चंद्रकांत पाटिल से उनकी मुलाकात ने सभी को चौका दिया हैं।



राज्य के मंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल और उद्धव ठाकरे की मुलाकात आज एक शादी समारोह में हुई। बताया जाता है कि वे विले पार्ले से भाजपा विधायक पराग अलवानी की बेटी की शादी समारोह में मिले और उन्होंने राजनीति पर भी चर्चा की। इसलिए इन दोनों नेताओं की एक ही जगह मुलाकात ने सभी की भौहें चढ़ा दी हैं। मुलाकात के दौरान विधायक मिलिंद नार्वेकर ने कह दिया, "गठबंधन कब होगा?" जिस पर चंद्रकांत पाटिल ने जवाब दिया, "मैं इन सुनहरे पलों का इंतजार कर रहा हूं।" इसके बाद उपस्थित लोगों में हंसी का ठहाका लग गया। इसके बाद सांसद संजय राउत से आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में चंद्रकांत पाटिल द्वारा दिए गए बयान के बारे में पूछा गया।

उस समय उद्धव ठाकरे के निजी सहायक मिलिंद नार्वेकर और विनायक राउत भी उनके साथ थे। जब विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा था, तब भी चंद्रकांत पाटिल की उद्धव ठाकरे से मुलाकात चर्चा में रही थी। भाजपा नेता मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने विधान भवन में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे के कार्यालय में उद्धव ठाकरे से मुलाकात की थी। अब जब वे एक साथ आ गए हैं और एक-दूसरे से बातचीत करने लगे हैं, तो राजनीति में एक अलग चर्चा शुरू हो गई है।

## ट्रेन में महिला से छेड़छाड़

**मुंबई.** मुंबई से गुजरात जा रही कच्छ एक्सप्रेस में एक महिला यात्री से अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करने के मामले में बांद्रा रेलवे पुलिस ने एक कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार किया है. आरोपी कोच अटेंडेंट की पहचान हरिओम विश्राम मीना (29) निवासी राजस्थान के रूप में हुई है.

बांद्रा रेलवे पुलिस के अधिकारी ने बताया कि आरोपी कच्छ एक्सप्रेस के एसी कोच में अटेंडेंट के तौर पर तैनात था. इसी दौरान बांद्रा से ट्रेन के रवाना होने पर उसने महिला यात्री के साथ छेड़छाड़ की. जिसके बाद शिकायत मिलने पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. महाराष्ट्र में ट्रेन में महिलाओं से छेड़छाड़ के पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं. इससे पहले जून 2024 में ठाणे के उपनगरीय ट्रेन के अंदर एक महिला यात्री से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में 22 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था. 32 वर्षीय महिला ने रेलवे पुलिस में अपनी शिकायत दर्ज करवाई थी.

# प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने पहुंचीं सुप्रिया सुले

## > 127 नए केस 2 की मौत

**पुणे.** पुणे में गुलियन-बैरे सिंड्रोम के मामले दिनो दिन बढ़ते जा रहे है, जिसको लेकर प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है। गुलियन-बैरे सिंड्रोम के मामले सौ के पार हो चुका है। इस बीच एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले ने भी इस मामले में चिंता जाहिर की है। सुप्रिया सुले ने गुरुवार को सुबह पुणे में सिंहगढ़ रोड पर जीबीएस (गुलियन-बैरे सिंड्रोम) प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय लोगों को पानी की आपूर्ति करने वाले जल स्रोतों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों से बातचीत भी की और उनकी शिकायतें सुनीं।



महाराष्ट्र के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पुणे और राज्य के अन्य जिलों में जीबीएस के कुल संदिग्ध मामलों की संख्या 127 है, जिनमें से 72 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इसमें कहा गया है, "आज तक, जीबीएस के 127 संदिग्ध मामलों की पहचान की गई है, जिसमें 2 संदिग्ध मौतें भी शामिल हैं। इनमें से 72 रोगियों में जीबीएस की पुष्टि हुई है। 23 रोगी पुणे नगर निगम से हैं, 73 पीएमसी क्षेत्र में नए जोड़े गए गांवों से हैं, 13 पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम से हैं, 9 पुणे ग्रामीण से हैं और 9 अन्य जिलों से हैं। प्रभावित व्यक्तियों में से 20 वर्तमान में वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं।"

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा कि मामलों की जांच चल रही है और विशेषज्ञों की एक टीम ने विभिन्न नमूने एकत्र किए हैं। डॉ. बहल ने कहा, "एनआईवी पुणे लैब में संक्रमित लोगों के मल और रक्त के नमूनों की जांच की जा रही है, लेकिन अभी तक इसके फैलने के पीछे के कारण के बारे में कोई निश्चित सुराग नहीं मिल पाया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शहर में गुलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के संदिग्ध और पुष्ट मामलों में हो रही बढ़ोतरी को नियंत्रित करने और हस्तक्षेप करने में राज्य अधिकारियों की सहायता के लिए पुणे में एक टॉप लेवल की मल्टी स्पेशलिस्ट टीम की प्रतिनियुक्ति की है। महाराष्ट्र भेजी गई केंद्रीय टीम में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) दिल्ली, निमहंस बेंगलुरु, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के क्षेत्रीय कार्यालय और राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी), पुणे के सात विशेषज्ञ शामिल हैं।

# 100 रुपए में दी दुष्कर्म और हत्या की सुपारी

**पुणे.** पुणे से एक चौकाने देने वाला मामला सामने आया है। पुणे में एक स्कूल के बच्चे ने अपनी ही क्लासमेट के खिलाफ सुपारी दे दी। एक स्कूली छात्र ने एक छोटी-सी बात को इतना दिल पर ले लिया कि अपनी क्लासमेट की जान का दुश्मन बन गया।

मामला ये है कि पुणे की एक स्कूल के कक्षा सातवीं के छात्र ने कक्षा 9वीं के छात्र को 100 रुपये में अपनी क्लास में पढ़ने वाली लड़की के साथ दुष्कर्म और हत्या करने की सुपारी दे दी। इस मामले के सामने आते ही दौंड पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सेंट सेबेस्टियन इंग्लिश स्कूल की एक छात्रा ने क्लास में पढ़ने वाली एक छात्र के खिलाफ शिक्षकों से शिकायत की कि उसने माता-पिता के फर्जी हस्ताक्षर बनाए हैं। छात्रा के इस बयान से छात्र इतना नाराज हो गया कि उसने एक अन्य छात्र को लड़की के साथ दुष्कर्म और हत्या करने की सुपारी दे दी।


इस पूरे मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में स्कूल के प्रिंसिपल, क्लास टीचर और एक अन्य शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रिंसिपल और दो शिक्षकों ने स्कूल की इज्जत बचाने के नाम पर मामले को दबाने की कोशिश की है।

इसके अलावा इस मामले को दबाने के लिए इन सभी पर नाबालिग लड़की को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप है। साथ ही मामले को दबाने के लिए उन्होंने उसकी पढ़ाई को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। पुणे शहर के टॉप स्कूल में इस तरह की घटना ने अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। नाबालिग स्कूली छात्रों के बीच इस तरह की साजिश और प्रतिद्वंद्विता हैरान करने वाली है। इससे पहले भी ऐसा मामला सामने आ चुका है। तीन महीने पहले यूपी के हाथरस से भी ऐसा ही मामला सामने आया था।

# महाकुंभ भगदड़ में 100 से अधिक मौतें?

## >संजय राउत ने किया बड़ा दावा

**मुंबई.**



महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर संजय राउत ने सरकार पर तीखा हमला किया है। उनका कहना है कि उनकी जानकारी के मुताबिक 100 से अधिक लोगों की मौत हुई है और सैकड़ों लोग घायल हो गए है। संजय राउत ने कहा कि इस भगदड़ में कई बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी लापता हो गई है, जिसे छुपाया जा रहा है। शिव सेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने गुरुवार को प्रयागराज कुंभ मेला प्रबंधन को लेकर भाजपा और उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला किया, जिसमें गंभीर चूक का आरोप लगाया गया, जिसके कारण गुरुवार को लोग हताहत हुए। उन्होंने कहा कि "कई महामंडलेश्वरों ने सेना को व्यवस्था सौंपने का सुझाव दिया।

राउत ने यह भी आरोप लगाया कि महाकुंभ का "प्रचार के लिए राजनीतिकरण" किया गया, जिसके परिणामस्वरूप अंततः मौतें बढ़ गईं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अराजक स्थिति के लिए योगी सरकार जिम्मेदार है। "घायलों की गिनती अभी तक नहीं की गई है; कई लोग लापता हैं, जिनमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। इसके लिए कौन जिम्मेदार है? केंद्र सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, "उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जिम्मेदार है। राउत ने आयोजन के लिए धन के आवंटन पर भी चिंता जताई और दावा किया, "कुंभ मेले का बजट 10,000 करोड़ रुपये था, लेकिन रिपोर्ट बताती है कि 1,000 करोड़ रुपये से भी कम खर्च किए गए। यह घटना बुधवार की सुबह महाकुंभ में भगदड़ जैसी स्थिति पैदा होने के बाद हुई है, जिसके परिणामस्वरूप कई लोग घायल हो गए। नई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, प्रयागराज में महाकुंभ में बुधवार को भोर से पहले हुई भगदड़ में कम से कम 30 लोग मारे गए और 60 घायल हो गए, कुंभ के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) वैभव कृष्ण ने कहा। उन्होंने कहा कि पच्चीस शवों की पहचान कर ली गई है।

### संजय राउत ने राजनेताओं को ठहराया जिम्मेदार

धार्मिक समागम में भगदड़ जैसी स्थिति पर बोलते हुए राउत ने कहा, "यह एक ऐसा योग है जो हर 144 साल में एक बार होता है। प्रशासन और सरकार को पता था कि वहां भारी भीड़ होगी, फिर भी वे यह दावा करके राजनीतिक मार्केटिंग में लगे रहे कि रोजाना 10 से 20 करोड़ लोग आएंगे।" उन्होंने महाकुंभ में राजनीतिक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति की भी आलोचना की।

# महायुति में रोज नया झमेला

## > धीरे-धीरे गठबंधन में दरार दिखनी शुरू हो गई

**मुंबई.** बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट) और राकां (अजित पवार) के गठबंधन वाली महाराष्ट्र की महायुति सरकार में रोज नया झमेला सामने आ रहा है। महायुति में पालक मंत्री पद को लेकर जारी घमासान के कारण उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नाराज होने की चर्चा पहले से ही चल रही है। उस पर अब ठाणे जिले को लेकर बीजेपी और डीसीएम शिंदे के बीच उनने जिले के पालक मंत्री पद पर चल रही रार के बीच बीजेपी नेता गणेश नाईक के ठाणे जिले में जनता दरबार लगाने की तैयारी से शिंदे और भड़क गए हैं। उन्हें लगने लगा है कि महायुति और ठाणे जिले में बीजेपी उनका कद घटाने तथा अजित का कद बढ़ाने की कोशिश कर रही है।

उस पर बीजेपी अब शिंदे को उन्हीं के गढ़ में चुनौती देकर भड़काने की कोशिश कर रही है। ऐसी चर्चा शिंदे के गढ़ ठाणे में गणेश नाईक के जनता दरबार लगाने के ऐलान के बाद चल रही है। इधर, बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने नाईक के निर्णय का समर्थन करके आग में घी डालने का काम किया है।



पालक मंत्री पद को लेकर नाराज शिंदे पिछली बार अपने गांव दरे चले गए थे लेकिन इस बार उन्होंने कैबिनेट बैठक में प्रत्यक्ष न जाकर अपनी नाराजगी व्यक्त करने की कोशिश की। नाईक के जनता दरबार पर शिंदे के सांसद नरेश म्हस्के ने मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने कहा कि हम विस और लोस चुनाव महायुति के रूप में लड़े हैं और हम स्थानीय निकाय चुनाव भी महायुति के रूप में ही लड़ना चाहते हैं लेकिन यदि कोई अकेले भी लड़ना चाहे तो हम तैयार हैं। हमने ठाणे में 25 साल तक सत्ता संभाली है। किसी को भी महायुति में दरार डालने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले पलटवार करते हुए कहा है कि सरकार का मंत्री राज्य का मंत्री होता है, वह किसी भी जिले में जाकर जनता दरबार लगा सकता है, किसी भी जिले में जाकर काम कर सकता है। मैं राजस्व मंत्री हूं, इसलिए राज्य के किसी भी जिले में जाकर काम कर सकता हूं। इसमें कोई रोक नहीं सकता है। शिंदे की नाराजगी पर तंज कसते हुए शिवसेना यूबीटी के सांसद व प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि नाराजगी के संबंध में या तो खुद एकनाथ शिंदे आगे आकर बताएं कि ये नाराज हैं कि नहीं अथवा राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस पर खुलासा करना चाहिए। राउत ने आगे कहा कि शिंदे को ईडी का डर है, इसलिए वे हर हाल में मंत्री पद से चिपके रहेंगे। यदि उन्हें बिना विभाग का मंत्री भी बनाया जाए तो भी वे डटे रहेंगे।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपको बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों के ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आपको किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में वरिष्ठ सदस्यों से राय लेकर आगे बढ़ाना बेहतर रहेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको मन मुताबिक लाभ न मिलने से आप परेशान रहेंगे।

सिंह -आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। कारोबार में आपको कोई फैसला बहुत ही सोच समझकर लेना होगा।

कन्या - आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है।

तुला -आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका कोई प्रॉपर्टी संबंधित मामला यदि लंबे समय से अटका हुआ था,

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी पद और प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

धनु -आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा।

मकर - आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। जो लोग विदेश घूमने की इच्छा रखते हैं,

कुंभ- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी।

मीन -आज आपको अपने खर्चों पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों का समय अच्छा बीतेगा,

# गुइलेन-बैरे सिंड्रोम का कहर

## > जीबीएस से अब तक दो की मौत, 127 एक्टिव मरीज

**मुंबई.**

'गुइलेन बैरे सिंड्रोम' के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं. इन मामले के कारण आम लोगों के साथ ही प्रशासन भी परेशान है.बुधवार को एक महिला की मौत 'गुइलेन-बैरे सिंड्रोम' (जीबीएस) से होने का संदेह है. जबकि गुइलेन बैरे सिंड्रोम के 16 नए मामले दर्ज किए गए हैं. इस बीमारी के कारण अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है. स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पुणे की 56 वर्षीय महिला की सरकारी ससून जनरल अस्पताल में जीबीएस के कारण मौत हो गई. इसके अलावा उस महिला पहले से कई अन्य बीमारियां भी थीं. स्वास्थ्य विभाग की मानें तो बीमारी के अब तक कुल 127 मामले सामने आ चुके हैं. इसके अलावा एक और मरीज की बीमारी से मौत होने का संदेह है. अधिकारियों ने बताया कि अब तक 72 लोगों में इस बीमारी की पुष्टि हो चुकी है. जिनका इलाज किया जा रहा है, इसके अलावा कई लोग गंभीर बीमार हैं. जिनमें से 20 मरीजों को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है. अब तक मल के 121 नमूने राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) को भेजे गए हैं, और उन सभी का 'एंटेरिक वायरस पैनल' के लिए परीक्षण किया गया.



गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) एक दुर्लभ ऑटोइम्यून बीमारी है. यह आमतौर पर किसी संक्रमण के बाद होने वाली बीमारी है. यह कैम्पिलोबैक्टर के कारण होने वाले गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल संक्रमण के बाद होता है. इसमें तीव्र श्वसन संकट सिंड्रोम, सेप्सिस, निमोनिया, समेत कई अन्य तरह की समस्या हो सकती है.इस बीमारी का सटीक कारण अब तक पता नहीं चल पाया है. गुइलेन-बैरी सिंड्रोम एक दुर्लभ लेकिन गंभीर बीमारी है जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अपनी ही नसों पर हमला करती है. इससे कमजोरी, सुन्नता या पक्षाघात हो सकता है. इस स्थिति से पीड़ित अधिकांश लोगों को अस्पताल में इलाज की आवश्यकता होती है.

Young Engineers Education Society
(NAAC Accredited)
MAHARASHTRA INSTITUTE OF PHARMACY (B.PHARM.)
Betala Ta. Bramhapuri Dist. Chandrapur (M.S.) 441 206
Walk-in-Interview for Teaching & Non-Teaching Staff
(D.Pharm/B.Pharm/M.Pharm.)

| S.N. | Subject | Principal/ Professor | Asso. Prof. | Asst. Prof. | Qualification |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Any Subject | 1 | 0 | 0 | As Per PCI/ UGC/ State Govt. rule |
| 2. | P'Ceutics & P'Chemistry | 4 | 5 | 12 | |
| 3. | P'Cology | 0 | 0 | 4 | |
| 4. | P'Cognosy | 0 | 0 | 2 | |
| 5. | P'Practice & Related Sub. | 0 | 0 | 2 | |
| 6. | Libraian | 1 | | | M.Lib. with Exp. |
| 7. | Lab. Technician | 5 | | | D.Pharm/B.Sc. |

Interested candidate should send their resume & doc. on Email & attend
Walk-in-interview on Dt. 05/02/2025 at 11.00 am in Institute Campus.
E-mail - miprecruitment2025@gmail.com | Mob. 9158983913
President
SPECTRUM

इत्तिला नामा

मोहतरम इरशद अली वल्द सैय्यद अय्यूब अली सा. (1) साकिन प्लॉट नं. 46 न्यू लक्ष्मी नगर कल्पना, नागपुर (महाराष्ट्र) असलामो अलैकुम! आपके अहलिया नगमा परवीन बिन्त शेख फहमुद्दीन सा. (2) साकिन प्लॉट नं.194 दुर्गा नगर पारडी, विशाल आटा चक्की जवल, भाण्डेवाडी, बगडगंज, नागपुर (महाराष्ट्र) ने दारूल कजा मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन बैजनाथ पारा रायपुर (छ.ग.) में अपने कुछ घरेलु मामलात रखें है। जिस पर आप को कौंसिलिंग के लिये इत्तेला नामा 18/11/2024 को, और दिर दूसरी बार 29/12/2024 को, तीसरा इत्तेला नामा 07/01/2025, को दिया गया। जिस पर आज 25/01/2025 तक आपका कोई जवाब नहीं आया। और अब चौथा और आखिरी इत्तेला नामा अख्बार के जरिये 31/01/2025 को दिया जा रहा है। लेहाजा आप 15 दिन के अन्दर आकर मामला हल कर लें ताकि किसी भी फरीक की हक तलफी न हो। और आपसी बैठक से मामला हल हो जाये। वर्ना 15 दिन के बाद एक तरफा फैसला कर दिया जायेगा। ता. 31/01/2025

फकद दुआगो
मोहम्मद अली फारूकी
काजिए शहर, मोहतमिम मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन व दारूल यतामा, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 7869881817
मदरसा ईस्लाहुल मुस्लेमिन मुस्लिम यतीम खाना

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

# गांव छोटा हो तो भी सपने बड़े रखो: मुनगंटीवार

> ओलंपिक में पदक जीतने का सपना देखे,कड़ी मेहनत करें
> कवड़पेठ में स्कूली बच्चों की खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शानदार उद्घाटन समारोह

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**





बच्चों - भोले मत बनो और यह मत सोचो कि तुम्हारा गांव छोटा है इसलिए तुम बड़े काम नहीं कर सकते। ध्यान रखें कि छोटे-छोटे गांवों के लोग भी राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा सकते हैं। इसलिए, हमें ओलंपिक में पदक जीतने का बड़ा सपना देखना चाहिए। इसके लिए हमें दिन-रात काम करना होगा, ऐसा राज्य के पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले और मत्स्य पालन मंत्री, विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

मुल तालुका के कवड़पेठ में तालुका स्तरीय स्कूली बच्चों की खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का उद्घाटन मुनगंटीवार ने किया। वह उस समय बोल रहे थे। इस अवसर पर चिचाला ग्राम पंचायत की सरपंच जस्मिता लेंगुरे, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष संध्या गुरनुले, गट विकास अधिकारी राठोड, समूह शिक्षणाधिकारी वर्षा पिपरे, चंदू मरगोंवार, पूजा दोहने, प्रभाकर भोयर, प्रवीण मोहुर्ले, तुलसीराम कुंभारे, उमेश नागोसे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। एक छोटे से गांव में सफल कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मुनगंटीवार ने आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन में आवश्यकता पड़ने पर मदद का आश्वासन भी दिया।

मुनगंटीवार ने कहा कि, "मैं इस बात की सराहना करता हूं कि हमारे गांव में इतना सुंदर कार्यक्रम हो रहा है।" समारोह को देखकर कोई भी यह नहीं कह पाएगा कि हम मुंबई से दूर रहते हैं। आप गांव में पढ़ते हैं इसलिए खुद को हीन मत समझिए। मेरी शिक्षा नगर परिषद स्कूल में हुई। उन्होंने अपनी 10वीं कक्षा तक की शिक्षा जिला परिषद स्कूल जुबली हाई स्कूल से पूरी की। इसलिए अगर हम ठान लें तो महाराष्ट्र ही नहीं, देश में भी अपना नाम बड़ा कर सकते हैं। इस भावना को अपने दिल में हमेशा रहने दो।

स्कूली छात्रों ने 'मेरा गांव, मेरा गौरव' शीर्षक से पांडुलिपियों में अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। यह उनकी क्षमताओं को दर्शाता है। गांव के प्रति पवित्र भावनाएं स्पष्ट थीं। इन विद्यार्थियों के जीवन को आकार देने की आवश्यकता है। इन छात्रों में क्षमता है। वे जिस भी क्षेत्र में जाएं, सफल हो सकते हैं। मिशन शौर्य के माध्यम से मुझे इसका अनुभव हुआ। इस अभियान के लिए 17-18 वर्ष की आयु के आदिवासी विद्यार्थियों का चयन किया गया। सभी छात्र गरीब परिवारों से थे। उन्होंने कभी हवाई जहाज़ नहीं देखा था। मैंने तो यह भी नहीं देखा था कि विमान कितनी ऊंचाई पर उड़ रहा था। लेकिन फिर भी, आठ महीने की कड़ी मेहनत के बाद, ये छात्र एवरेस्ट पर पहुंचे और चंद्रपुर जिले का गौरव बढ़ाया।

**मेरा जिला सदैव अग्रणी रहना चाहिए।**

मैंने खेल सुविधाएं इस उद्देश्य से उपलब्ध कराई हैं कि मेरे जिले के विद्यार्थी अपने कौशल में पीछे न रहें। बल्लारपुर, पोंभुर्णा, मूल, चंद्रपुर में स्टेडियम होंगे या इकोपार्क, ऑक्सीजन पार्क होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने हर परियोजना के माध्यम से जिले को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। मुनगंटीवार ने कहा कि, शिक्षा, सिंचाई, कृषि, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में काम करने की जरूरत है। इसके एक भाग के रूप में, हम एसएनडीटी विश्वविद्यालय के लिए एक केन्द्र बना रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इससे लड़कियों को अपना कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी।

**नमस्ते नहीं, बल्कि वंदे मातरम कहो.**

अपने दिल में हमेशा देशभक्ति को जिंदा रखो। सहजता से वंदे मातरम कहना शुरू करें। नमस्ते के स्थान पर वन्दे मातरम कहना सीखें। मैं आपसे यह भी अपील करता हूं कि आप इस बारे में सोचें कि मैं देश के विकास में क्या योगदान दे सकता हूं।

## साखरा गांव के ग्रामीणों ने रेलवे का काम रोका

> जिला प्रशासन की ओर से हो रही लापरवाही



**गढ़चिरोली:** गढ़चिरौली जिले को विकास का प्रवेशद्वार बनाने का भ्रामक वादा करने वाली राज्य सरकार और सरकारी अधिकारियों ने साखरा गांव के कुछ ग्रामीणों द्वारा चार महीने से लगातार रेलवे का काम रोके रखने की घटना को प्रशासन द्वारा जानबूझकर नजरअंदाज करने की शर्मनाक बात सामने आई है।

जब इस घटना की विस्तृत जानकारी लेने पर पता चला कि साखरा के ग्रामीणों ने कुछ दिनों पहले ही तत्कालीन अधिकारियों से बातचीत कर तय सरकारी दरों से चार गुना कीमत पर अपनी जमीन का विक्रय पत्र रेलवे प्रशासन को सौंप दिया था।

उक्त भूमि का विक्रय पत्र जारी होने के बाद उक्त भूमि का नामांतरण कर दिया गया तथा आज वह भूमि रेलवे प्रशासन के नाम पर पंजीकृत है। परन्तु इस प्रकार से भी ग्रामीण रेलवे के कार्य को रोकने का प्रयास करने पर तथा प्रशासन की ओर से की गई अनदेखी के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है जिससे जिले के लाखों लोगों में आक्रोश है। एक तरफ प्रदेश का पहला जिला होने की बात करना और दूसरी तरफ रेलवे के काम को नजरअंदाज करना प्रशासन का रुख अब संदिग्ध नजर आने लगा है।

इस बारे में रेलवे अधिकारियों से पूछने पर उन्होंने बताया कि साखरा गांव के लोगों ने रेलवे का काम रोक दिया है, इसकी जानकारी गढ़चिरौली जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, उपविभागीय अधिकारी और भूमि अधिग्रहण अधिकारी को तीन बार लिखित पत्र देकर दी गई है। लेकिन यह चौंकाने वाली बात है कि किसी भी सरकारी एजेंसी ने किए जा रहे काम के लिए सुरक्षा मुहैया नहीं कराई है। रेलवे का काम रुकने की जानकारी जब पूर्व सांसद अशोक नेते को दी गई तो उन्होंने रेलवे साइट पर जाकर देखा और प्रशासन के इस रुख पर आश्चर्य जताया और जिलाधिकारी को रेलवे के काम का निरीक्षण कर मामले का तत्काल संज्ञान लेने के निर्देश दिए।

## 3 फरवरी को मनाया जाएगा लोकतंत्र दिवस

**चन्द्रपुर .** आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का सरकारी तंत्र द्वारा निष्पक्ष एवं शीघ्रता से समाधान सुनिश्चित करने के प्रभावी उपाय के रूप में प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में लोकतंत्र दिवस का आयोजन किया जाता है। इस लोकतंत्र दिवस पर नागरिक और किसान जिलाधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराते हैं। सोमवार 3 फरवरी 2025 को दोपहर 1 बजे जिलाधिकारी कार्यालय चंद्रपुर में लोकतंत्र दिवस का आयोजन किया गया है। जिला स्तरीय लोकशाही दिवस में शिकायत प्रस्तुत करते समय निर्धारित प्रारूप में शिकायत आवेदन के साथ तालुका लोकशाही दिवस से प्राप्त टोकन संख्या की प्रति तथा आवेदन की दो प्रतियां 15 दिन पूर्व प्रस्तुत करनी होगी।



**हंसराज अहीर ने महाकुंभ में किया पवित्र स्नान**

**चंद्रपुर. मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर शंकराचार्य गोवर्धनपीठ स्वामी श्री अधोक्षजानंद देव तीर्थ जी महाराज के आशीर्वाद से राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री हंसराज अहीर ने अपने बड़े भाई हरिश्चंद्र अहीर के साथ प्रयागराज में पवित्र त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई।**



## बस टिकट की कीमत में वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**गढ़चिरोली :**

आज दिनांक 29/01/2025 को शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी की ओर से जिला प्रमुख वासुदेव शेडमाके के नेतृत्व में तथा संपर्क प्रमुख विजय श्रृंगार पवार एवं अन्य की उपस्थिति में स्थानीय बस स्थानक गढ़चिरौली पर धरना प्रदर्शन किया गया।

हाल ही में राज्य सरकार ने बस टिकट की कीमतें बढ़ाने का फैसला किया है। शिवसेना पार्टी ने उस फैसले के खिलाफ गढ़चिरौली बस स्टैंड पर धरना दिया। लाड़की बहिन योजना के लागू होने के बाद से राज्य सरकार ने राज्य में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है और इसी के तहत बस टिकट की कीमतों में बढ़ोतरी का फैसला लिया गया है। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे की पार्टी ने इस निर्णय के विरोध में पार्टी ने गढ़चिरौली बस स्टैंड पर धरना दिया। इस अवसर पर नंदूभाऊ कुमरे सुनील पोरेड्डीवार राजेंद्र लांजेकर किरण शेडमाके पवन गेडाम, संदीप वाघरे, गोविंदा बाबनवाडे, प्रशिक जाडे, हिम्मत भुरसे, रामगिरवार, विजय पत्तीवार एवं अधिकांश शिवसैनिक उपस्थित थे .






## पप्पू देशमुख का 4 घंटे तक गड्ढे में बैठकर विरोध प्रदर्शन

> नगर निगम के कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार की जांच के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम

**चंद्रपुर.**

नगर निगम के पूर्व नगरसेवक व जन विकास सेना के संस्थापक अध्यक्ष पप्पू देशमुख ने 100 करोड़ की पुरानी भूमिगत सीवरेज योजना, 506 करोड़ की नई भूमिगत सीवरेज योजना की जांच की मांग को लेकर 4 घंटे तक गड्ढे में बैठकर धरना दिया। इसमें 234 करोड़ रुपये की लागत वाली अमृत जलापूर्ति योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज 30 जनवरी 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक देशमुख ने प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी चौक पर खुदाई किए गड्ढा में धरना दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में जन विकास सेना के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

इस विरोध प्रदर्शन के बाद अतिरिक्त जिला अधिकारी सुभाष चौधरी को ज्ञापन देकर 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया। जन विकास सेना ने चेतावनी दी है कि, चंद्रपुर नगर निगम में व्याप्त कुव्यवस्था और भ्रष्टाचार की 48 घंटे के भीतर जांच करने का लिखित आश्वासन दिया जाए, अन्यथा महानगरपालिका के खिलाफ जोरदार जनआंदोलन शुरू किया जाएगा।

जन विकास सेना के आंदोलन को द्वारा गणमान्यों को भरी समर्थन मिल रहा है। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण खोबरागड़े, पूर्व नगरसेवक दीपक जैस्वाल, राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ के सचिन राजुरकर, सामाजिक कार्यकर्ता नितिन बंसोड, कुशाब कायरकर, किशोर जामदार, दिलीप होरे, कुसुम उदार, सुरेश विधाते, अरुण भेलके, मतीन शेख, ताहिर शेख, दिलीप कथाने, लक्ष्मीकांत राजुरकर, प्रवीण चावरे, सचिन भीलकर, अविनाश आंबेकर, नागेश दोरलीकर, अरुण देउरकर, विलास माथने विठ्ठलराव घुमडे, नवनाथ देउरकर, अश्विनी खोबरागड़े आदि ने उपस्थिति व दर्शन आंदोलन को सहयोग दिया।

## उस' फैसले के खिलाफ विमाशि संघ का धरना आंदोलन

गढ़चिरोली: 10वीं के लिए केंद्र निदेशक, पर्यवेक्षकों और परीक्षा से संबंधित व्यक्तियों की नियुक्ति के निर्णय को तत्काल रद्द करने के संबंध में विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से 1 फरवरी 2025 को नागपुर डिविजनल बोर्ड कार्यालय के सामने 12वीं परीक्षा केंद्र के अलावा अन्य संस्थानों के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा धरना/प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य बोर्ड, पुणे के अध्यक्ष के पत्र दिनांक 17/01/2025 में अंक क्रमांक. 2 के अनुसार, राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस वर्ष से 10वीं और 12वीं परीक्षाओं में प्रधानाचार्यों और शिक्षकों (स्थापना के अलावा) को अन्य स्कूलों में केंद्र निदेशक और पर्यवेक्षक के रूप में काम करने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। लेकिन, इन परीक्षाओं के सामने उक्त निर्णय लेने से स्कूल और शिक्षक परेशान होंगे। इसके साथ ही परीक्षा केंद्र की भौगोलिक स्थिति, स्थानीय कठिनाइयों और बाहरी शिक्षकों और कर्मचारियों की आवश्यकताओं की पूरी जानकारी नहीं होने के कारण परीक्षा प्रबंधन में बाधा आएगी।

एक तरफ शिक्षा विभाग 5 सितंबर को शिक्षकों को सम्मानित करता है वहीं दूसरी तरफ उक्त निर्णय से यह विचार करना जरूरी है कि राज्य सरकार को राज्य के शिक्षकों पर भरोसा नहीं रह गया है. यह फैसला कई मुश्किलें पैदा करता है. इसलिए पूर्व विधायक वी. यू श्री डायगव्हाने के मार्गदर्शन में तथा विमाशि संघ सरकार्यवाह व विधायक सुधाकर अडबाले के नेतृत्व में विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से 1 फरवरी 2025 को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक. नागपुर संभागीय मंडल कार्यालय के सामने धरना/विरोध प्रदर्शन किया जाएगा. इस आंदोलन मे विदर्भ जूनियर कॉलेज शिक्षक संघ, राज्य शिक्षक बोर्ड, संभागीय आश्रम विद्यालय कर्मा. सांस्कृतिक संगठन और अन्य समान विचारधारा वाले शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी संगठन भाग लेंगे। विदर्भ माध्यमिक शिक्षा संघ के प्रांतीय/जिला/महानगर/तालुका पदाधिकारियों, सदस्यों ने अनुरोध किया है कि 1 फरवरी 2025 को होने वाले धरना/प्रदर्शन में नागपुर संभाग के सभी शिक्षक-गैर शिक्षक कर्मचारी बड़ी संख्या में भाग लें.

## महिलाओं को खेल क्षेत्र में ऊंची उड़ान भरनी चाहिए: सांसद धानोरकर

**चंद्रपुर.**





महिलाओं के मामले में पिता-पुत्र की अवधारणा अब पीछे छूट गई है और महिलाएं अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। चंद्रपुर के श्याम नगर में आयोजित महिला कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान सांसद प्रतिभा धानोरकर ने महिलाओं से भविष्य में भी खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील की।

महिला शक्ति बहुउद्देशीय संगठन द्वारा श्याम नगर में ओपन महिला कबड्डी टूर्नामेंट एवं हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता के रूप में सांसद प्रतिभा धानोरकर उपस्थित थीं। महिलाओं को संबोधित करते हुए सांसद धानोरकर ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी हैं और उन्हें खेल के क्षेत्र में भी आगे आना चाहिए। खेलों के माध्यम से शारीरिक विकास को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए और स्वास्थ्य को बनाए रखा जाना चाहिए। सरकार ने महिलाओं को समान अवसर दिए हैं, उन्हें इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए और सभी क्षेत्रों में सफलता हासिल करनी चाहिए। सांसद धानोरकर ने भी उपस्थित सभी महिला प्रतियोगियों को अपनी शुभकामनाएं दीं और महिलाओं को जीतने का दृढ़ संकल्प रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर महिला शक्ति बहुउद्देशीय संगठन के पदाधिकारियों के साथ ही इंदिरा नगर वार्ड की पूर्व नगरसेविका संगीता भोयर और पूर्व नगरसेवक अमजद अली मुख्य रूप से मंच पर उपस्थित थे।





## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि एवं शहादत पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**चंद्रपुर.** शहर नगर निगम की ओर से अतिरिक्त आयुक्त चंदन पाटिल और उपायुक्त मंगेश खवले ने गुरुवार 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उसी प्रकार, देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को शहीद दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

अपर आयुक्त चंदन पाटिल ने गांधी चौक व जटपुरा गेट स्थित नगर निगम कार्यालय परिसर के सामने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके अलावा, शहीद दिवस के अवसर पर सिविल लाइंस स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके अतिरिक्त प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर मुख्य लेखा परीक्षक मनोज गोस्वामी, सहायक आयुक्त अक्षय गाडलिंग, शुभांगी सूर्यवंशी, संतोष गर्गेलवार, नगर सचिव नरेंद्र बोबाटे, डॉ. नयना उत्तरवार, चैतन्य चोरे, वैष्णवी रीठे, सिद्दीक अहमद, आशीष जीवतोड़े, शरद नागोसे सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# फिर साथ आएंगे सलमान-रश्मिका ?



सलमान खान की सिकंदर ईद पर आ रही है. फिलहाल काम पूरा नहीं हुआ है, पर मेकर्स की पूरी प्लानिंग के बारे में पता लग गया है. फरवरी के मिड तक फिल्म का काम कंप्लीट किया जाएगा. हालांकि, एडिट वर्क तेजी से चल रहा है. पर एक गाना, जो सलमान खान और रश्मिका मंदाना को साथ में शूट करना था, वो अटका हुआ है. दरअसल एक्ट्रेस इस वक्त रेस्ट पर हैं, उनका पैर फ्रैक्चर है. हालांकि, बीते दिनों सलमान और एटली की फिल्म A6 को लेकर बड़ा अपडेट आया था. फिल्म में रजनीकांत की एंट्री के बाद रश्मिका के नाम के चर्चे क्यों शुरू हो गए? रश्मिका मंदाना के लिए बीता साल जबरदस्त रहा है. उनकी 'पुष्पा 2' ने दुनियाभर से 1831 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. वहीं वो सलमान खान की सिकंदर में भी बतौर फीमेल लीड काम कर रही हैं. इसी बीच फिल्मफेयर की एक रिपोर्ट सामने आई है. उसके मुताबिक, रश्मिका मंदाना के परफॉर्मेंस ने एटली को काफी इम्प्रेस किया है, इसलिए उन्हें कास्ट भी किया गया है.



हालांकि, एटली ने हिंट तो दिया है, पर मेकर्स की तरफ से अबतक ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं किया गया है. A6 को सन पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं. फिल्म की शूटिंग इस साल की गर्मियों में शुरू होने की चर्चा है. इसे 2026 की सलमान खान की बड़ी रिलीज माना जा रहा है. अगर दोनों फिर से साथ आते हैं, तो सलमान खान के अलावा यह रश्मिका मंदाना के लिए बहुत बड़ा मौका होगा. दरअसल 2023 से ही वो धमाल मचा रही हैं.

साल 2023 में एनिमल आई थी. फिल्म में रश्मिका मंदाना ने भी काम किया था, जो रणबीर कपूर की पत्नी बनी थी. फिल्म ने दुनियाभर से 900 करोड़ से ज्यादा कमाए थे. वहीं दूसरी ओर पुष्पा 2 की तो बॉक्स ऑफिस पर तबाही आई है. फिल्म ने 1831 करोड़ छापे और अब ओटीटी पर भी आ गई है. वहीं सिकंदर पर काम बचा है और अब एक और फिल्म में एंट्री की खबरें आ रही है.

# 'मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं... '

बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'देवा' के प्रमोशन में बिजी हैं. इस फिल्म में शाहिद कपूर का दमदार पुलिस अवतार देखने को मिलेगा, जिसे देखकर फैंस को उनकी सुपरहिट फिल्म 'कबीर सिंह' की याद आएगी. शाहिद इस बार भी एक अलग और पावरफुल किरदार में नजर आने वाले हैं, जिसे लेकर दर्शकों में जबरदस्त एक्साइटमेंट है. फिल्म प्रमोशन के बीच शाहिद कपूर ने क्रिकेटर विराट कोहली की बायोपिक करने को लेकर अपनी राय रखी. मीडिया इंटरव्यू में जब शाहिद से पूछा गया, कि क्या वह विराट कोहली की बायोपिक करना चाहेंगे, तो उन्होंने जवाब में कहा, "मैं विराट का बहुत बड़ा फैन हूं, अगर मुझे ऐसा मौका मिलता है, तो मैं जरूर करना चाहूंगा, लेकिन इससे पहले यह तय करना होगा कि विराट खुद अपनी बायोपिक बनवाना चाहते हैं या नहीं."



इस बातचीत के दौरान शाहिद कपूर ने विराट कोहली से जुड़ा एक किस्सा भी शेयर किया. उन्होंने बताया कि हाल ही में जब वह दिल्ली के एक होटल में ठहरे हुए थे, तब उनकी विराट कोहली के साथ मुलाकात हुई थी. शाहिद ने यह भी कहा कि फैंस पहले भी उनके लुक की तुलना विराट कोहली से कर चुके हैं. उनके हेयरस्टाइल और लुक को लेकर कई बार सोशल मीडिया पर फैंस ने कमेंट किए हैं, जिसमें उन्हें विराट से मिलता-जुलता बताया गया है.शाहिद कपूर की यह बात सुनकर उनके फैंस काफी एक्साइटेड हैं. अगर कभी विराट कोहली की बायोपिक बनती है, और शाहिद उसमें लीड रोल निभाते हैं, तो यह उनके करियर की एक और बड़ी फिल्म साबित हो सकती है. फिलहाल, शाहिद अपनी फिल्म 'वेदा' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# शाहरुख़ से भरी महफिल में फैन ने की छूने की डिमांड

अपनी एक्टिंग, रोमांटिक और मजेदार अंदाज के लिए जाने जानें वाली बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान इन दिनों दुबई में अपनी अपकमिंग फिल्म किंग की शूटिंग कर रहे हैं.

इस दौरान एक्टर दुबई में आयोजित एक इवेंट का हिस्सा बनें. इवेंट में शाहरुख को देखकर उनके फैंस का दिल खुशी से झूम उठा. वहीं इस इवेंट से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें किंग खान का एक फैन सरेआम उनसे ऐसी डिमांड कर देता है, जिसे सुनकर खुद शाहरुख भी शर्मा जाते हैं. दरअसल, वायरल हो रहे वीडियो एक फैन ने शाहरुख खान से उन्हें छूने की ख्वाहिश जताई. फैन ने चिल्लाते हुए कहा, 'शाहरुख आई लव यू.' वहीं किंग खान इसके जवाब में कहते हैं, 'आई ऑलसो लव यू. हम इसके बाद शादी कर सकते हैं.' वहीं इसके बाद भरी महफिल में शख्स चिल्लाते हुए कहता है, 'मैं आपको टच करना चाहता हूं.' जिसका शाहरुख ने अपने ह्यूमरस अंदाज में जवाब दिया.

# पूनम पांडे ने महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी



यूपी के प्रयागराज में आस्था का सबसे बड़ा संगम देखने को मिल रहा है. पूरे 144 साल बाद पूर्ण महाकुंभ आया है, जिसमें हिस्सा लेने के लिए केवल देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर से करोड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. फिल्म इंडस्ट्री से भी तमाम सेलेब्स महाकुंभ में स्नान के लिए पहुंच रहे हैं. बीते दिन फेमस मॉडल मिलिंग सोमन ने अपनी बीवी अंकिता कंवर के साथ संगम में डुबकी लगाई, वहीं अब एक्ट्रेस पूनम पांडे भी शाही स्नान के मौके पर महाकुंभ पहुंची हैं, जहां से उनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

महाकुंभ की इन तस्वीरों को पूनम पांडे ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है. इन तस्वीरों में पूनम नौमी अमावस्या पर शाही स्नान करती दिख रही हैं. फोटो में वह संगम में हाथ जोड़कर डुबकी लगा रही हैं, उन्होंने ब्लैक कलर का कुर्ता पहना हुआ है, जिस पर मंत्र छपे हैं. वहीं दूसरे वीडियो में पूनम पांडे बोट में बैठकर संगम की सैर कर रही हैं. इस वीडियो में पूनम माथे पर चंदन लगाए दिख रही हैं और साथ ही उन्होंने सिर पर ब्लैक दुपट्टा पहना हुआ है. पूनम की यह तस्वीरें आते ही इंटरनेट पर छा गई हैं और लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं.

बता दें कि एक्ट्रेस पूनम पांडे से पहले फेमस कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा अपनी बीवी लिजेल के साथ महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने फिर, बीते दिनों हेमा मालिनी ने भी इस पावन मौके पर महाकुंभ में स्नान किया. रवि किशन, अनुपम खेर, अदा शर्मा, सपना चौधरी और गुरु रंधावा जैसे सितारों ने महाकुंभ में संगम स्नान किया. वहीं 90 के दशक की फेमस एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी तो महाकुंभ में संन्यासी बन गईं. दरअसल उन्होंने अपना पिंड दान कर दिया है और वह किन्नर अखाड़ा से महामंडलेश्वर बन गईं, जिसकी तस्वीरों ने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था.

# अक्षय ने बेहतरीन अंदाज में प्रियदर्शन को विश किया बर्थडे



अक्षय कुमार और डायरेक्टर प्रियदर्शन 18 साल के बाद भूत बंगला के जरिए फिर से थिएटर्स में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. जबकि फैन्स पिछले काफी वक्त से दोनों के साथ आने का इंतजार कर रहे हैं. हाल ही में अक्षय कुमार ने प्रियदर्शन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए एक फोटो पोस्ट की है. इस फोटो के सामने आने के बाद फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि कुछ बेहतरीन कॉमेडी की खिचड़ी पक रही है.30 जनवरी यानि कि आज अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है. इस पोस्ट में वो प्रियदर्शन के साथ खड़े हैं. फोटो में दोनों एक दूसरे की ओर इशारा करते हुए जोर-जोर से हंस रहे हैं.

अक्षय कुमार ने लिखा, "हैप्पी बर्थडे, प्रियन सर! भूतों से घिरा हुआ, भूतिया सेट, वास्तविक और अनपेड दोनों के साथ घिरे रहने से बर्थडे मनाने के लिए इससे बेहतर क्या हो सकता है. एक मेंटर बनने के लिए बहुत शुक्रिया और आप ही एक ऐसे शख्स हैं जो कि उथल-पुथल के साथ भी मास्टरपीस तैयार कर सकते हैं. आशा करता हूं आपका पूरा दिन कम से कम रीटेक्स से भरा हुआ हो. आपको एक शानदार साल के लिए शुभकामनाएं." इसके साथ उन्होंने प्रियदर्शन को टैग भी किया है. अक्षय की पोस्ट के बाद तो उनके कमेंट सेक्शन में लोगों के कमेंट्स की बाढ़ आ गई. जबकि कई लोगों ने उनकी आने वाली फिल्म को लेकर भी एक्साइटमेंट दिखाया.

एक यूजर ने लिखा, "दशक की सबसे बेहतरीन पिक्चर, क्या बॉन्डिंग दिख रही है दोनों में." एक और यूजर ने लिखा, "बचपन की यादें एक ही फ्रेम में." एक फैन ने कहा, "टॉप कॉमेडी पार्टनर्स." एक यूजर ने तो दोनों को "कॉमेडी मशीन" बोल दिया. 'भूत बंगला' की टीम इस वक्त जयपुर में शूटिंग कर रही है. कुछ दिन पहले ही तबू ने इसके सेट से रैप अप की फोटोज शेयर की थी. फिल्म से जुड़े सोर्स की माने तो जयपुर के चोमू पैलेस में मैराथन शेड्यूल के लिए शूटिंग की जा रही है. 'भूल भुलैया' के 18 साल बाद पूरी टीम उसी जगह पर फिर से शूटिंग करने के लिए एक्साइटेड है.

'भूत बंगला' के स्टारकास्ट की बात करें तो फिल्म में अक्षय कुमार, तबू, परेश रावल, मिथिला पालकर और वामिका गब्बी लीड रोल में नजर आएंगे. ये फिल्म 2 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# तृप्ती ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड पर लुटाया प्यार!

बॉलीवुड की बोल्ड एक्ट्रेस कहलाती हैं तृप्ति डिमरी। वो एक बार फिर से अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। इस बार उन्होंने अपने कथित बॉयफ्रेंड के साथ अनसीन फोटोज शेयर की हैं। इससे सोशल मीडिया पर खलबली मच गई है। तृप्ति डिमरी ने अपनी इंस्टा स्टोरी में कुछ फोटो शेयर की हैं। इसमें वो अपने कथित बॉयफ्रेंड के साथ दिख रही हैं। ये कोई और नहीं फेमस मॉडल-एक्टर सैम मर्चेंट हैं। इनका आज बर्थडे है। इस मौके पर एक्ट्रेस ने उन्हें विश करते हुए एक फोटो शेयर की।

इस फोटो में दोनों ब्लैक चश्मा पहने हुए दिख रहे हैं। कुछ तस्वीरों का कोलाज शेयर करते हुए तृप्ति ने लिखा- "हैप्पी बर्थडे सैम मर्चेंट। आपको ढेर सारा प्यार और खुशियां वापस देने की कामना करती हूं।"

ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सैम और तृप्ति एक-दूसरे को लंबे अरसे से डेट कर रहे हैं। दोनों नए साल का स्वागत भी साथ किया था। हालांकि, दोनों साथ नहीं नजर आए, लेकिन लोग अंदाजा लगा रहे थे कि दोनों एक ही जगह पर हैं। बात करें सैम मर्चेंट की तो सैम मर्चेंट मॉडल होने के साथ-साथ एक बिजनेसमैन भी हैं। सैम लग्जरी बीच कासावाटर्स और क्लब अवोर गोवा फर्म्स के फाउंडर भी हैं। उनके पास करोड़ों की संपत्ति है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो तृप्ति डिमरी आखिरी बार भूल भूलैया-3 में दिखाई दी थीं। वो आने वाले समय में धड़क-2 में दिखाई देंगी। वो आशिकी-3 का भी हिस्सा थीं, लेकिन ये फिल्म उनके हाथ से निकल गई।

# धूम मचा रहा हिमेश का 'तंदूरी डेज' सॉन्ग

बॉलीवुड के फेमस सिंगर, म्यूजिक कंपोजर और एक्टर हिमेश रेशमिया इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बैडएस रवि कुमार को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं. वहीं मेकर्स भी इस फिल्म के ट्रेलर और गानों को लगातार लॉन्च कर रहे हैं, जिसे देखने के बाद लोगों के बीच इस फिल्म को लेकर काफी ज्यादा बज बन हुआ है. इसी बीच इस फिल्म का लेटेस्ट सॉन्ग 'तंदूरी डेज' भी रिलीज किया गया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर बवाल काट रहा है.

हाल ही में 'बैडएस रवि कुमार' फिल्म का 'हुकस्टेप हुक्का बार' गाना रिलीज किया गया था, जो इंटरनेट पर काफी ज्यादा वायरल हुआ था. वहीं इस बीच एक्टर ने फिल्म का एक और गाना 'तंदूरी डेज' लॉन्च किया है, जो इंटरनेट पर धमाल मचा रहा है. यह एक हाई-एनर्जी डांस नंबर है, जिसे खुद हिमेश रेशमिया ने गाया है. वहीं हिमेश की आवाज पर तड़का लगाने का काम सनी लियोनी ने किया है. इन दोनों की जोड़ी इंटरनेट पर अब बवाल काट रही है. 'तंदूरी डेज' का म्यूजिक वीडियो गाने की ही तरह लाइव और एनर्जेटिक है. इसमें हिमेश रेशमिया ने न सिर्फ आवाज दी है, बल्कि वह सनी लियोनी के साथ डांस करते भी नजर आ रहे हैं. 'बैडएस रवि कुमार' के अब तक कई गाने रिलीज हो चुके हैं, वहीं इसका हर ट्रैक फैंस को इंप्रेस कर रह है और साथ ही साथ दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा रहा है. ऐसे में फैंस को अब बस इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है.कीथ गोम्स के डायरेक्शन और हिमेश रेशमिया के मेलोडीज के बैनर तले बनी बैडएस रवि कुमार रेट्रो बॉलीवुड कहानी कहने का एक बड़ा जश्न है.

# राखी तीसरी शादी को लेकर चर्चा में



राखी सावंत इन दिनों अपनी तीसरी शादी को लेकर चर्चा में हैं. हालांकि राखी ने दावा किया है कि उनकी सिर्फ एक शादी टूट चुकी है और रितेश के साथ राखी की शादी महज एक नाटक था, असल जिंदगी में वो उनके सिर्फ अच्छे दोस्त हैं और बिग बॉस के घर में एंट्री करने के लिए उन्होंने रितेश को अपना पति बताया था. यानी डोडी खान के साथ अगर राखी शादी करती हैं, तो वो उनकी दूसरी शादी होगी. राखी ने अपनी शादी की प्लानिंग भी हमारे साथ शेयर की है.

राखी सावंत का कहना है कि वो शादी करने जा रही हैं, कोई लड़ाई नहीं. उन्होंने इंडिया में रहने वालों का इतना मनोरंजन किया है, अब वो पाकिस्तान वालों का मनोरंजन करना चाहती हैं. राखी ने कहा,"ये आप लोगों ने क्या लगा रखा है, पहली शादी, दूसरी शादी. हमारे हिंदुस्तान में महिलाओं ने 5 -5 ,10-10 शादी की हैं. मेरी तो एक ही शादी हुई है. रितेश और मैं तो सिर्फ बिग बॉस में गए थे. वो शादी नहीं थी, वो सिर्फ शो के लिए किया हुआ नाटक था. आप चाहिए तो रितेश ने पूछ सकते हैं कि क्या हमारी शादी हुई थी? हम सिर्फ अच्छे दोस्त हैं.

आगे राखी सावंत ने कहा कि आप मुझे बदनाम मत कीजिए. मैं डोडी जी को बहुत समय से जानती हूं. वो पाकिस्तान के एक बहुत बड़े सुपरस्टार हैं. उन्होंने मुझे शादी के लिए प्रपोज किया है और मैंने उनको 'हां' भी बोल दिया है. पहले जो गलतियां मैंने की, वो मैं अब फिर से नहीं दोहराऊंगी. फिलहाल तो हमारा अफेयर चल रहा है. शादी भी करेंगे. डोडी जी ने पूछा था कि बारात इंडिया लेकर आनी है या दुबई? लेकिन मैं आपको बता रही हूं कि पाकिस्तान में हमारी शादी होगी, इंडिया में हमारा वलीमा (रिसेप्शन) होगा और स्विट्जरलैंड में हमारा हनीमून होगा. हम दुबई में भी रहेंगे, पाकिस्तान में भी रहेंगे और इंडिया में भी रहेंगे.

अपने होने वाले पति डोडी खान के बारे में बात करते हुए राखी ने बताया कि डोडी खान एक अच्छे इंसान हैं. वो 5 वक्त के नमाजी हैं. वो एक शरीफ इंसान हैं. वो औरतों की इज्जत करते हैं. दिखने में बहुत हैंडसम हैं. इसलिए जब उन्होंने मुझे शादी के लिए प्रपोज किया, मैंने उन्हें तुरंत हां कह दिया. मुझे कहीं न कहीं तो शादी करनी ही है, तो फिर पाकिस्तान में क्यों नहीं. अब मैं इंडिया की बेटी हूं और पाकिस्तान की बहू हूं. अब से पाकिस्तान के बारे में कोई भी कुछ गलत बोलेगा, तो सोच समझकर बोलना. अगर पाकिस्तान के बारे में बुरा कहा तो एक-एक को उधाड़कर (उखाड़कर) रख दूंगी, . पाकिस्तान में भी मैं, किसी को इजाजत नहीं दूंगी कि वो मेरे इंडिया के बारे में कुछ गलत बातें सके.

# 38 साल का खिलाड़ी बना रणजी का सिक्सर किंग

## शेल्डन जैक्सन ने भी बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली.**

सौराष्ट्र के विकेटकीपर बल्लेबाज शेल्डन जैक्सन ने तीन जनवरी को वनडे और टी20 क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया। महीने खत्म भी नहीं हुआ और जैक्सन रणजी ट्रॉफी के सिक्सर किंग बन गए हैं। जैक्सन ने असम के खिलाफ मैच में खास मुकाम हासिल किया। उन्होंने अपने 100वें मैच में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। शेल्डन जैक्सन रणजी ट्रॉफी के आखिरी राउंड मैच में सौराष्ट्र के लिए बल्लेबाजी करने उतरे। यह उनके करियर का 100वां मैच था उन्होंने असम के तेज गेंदबाज राहुल सिंह की गेंद पर काउ कॉर्नर पर छक्का लगाया। इस छक्के के साथ वह रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा छक्का लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज नमन ओझा को पीछे छोड़ा जिन्होंने 143 छक्के लगाए थे।



शार्दुल ठाकुर ने मेघालय के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के अंतिम ग्रुप चरण के मैच में मुंबई के लिए दमदार प्रदर्शन किया। इस ऑलराउंडर ने पिछले मैच में जहां बल्ले से गदर काटा था तो वहीं इस मैच के दूसरे ओवर में हैट्रिक लेकर मेहमान टीम की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया। शार्दुल ठाकुर की शानदार गेंदबाजी के सामने मेघालय की टीम ने महज 2 रन के स्कोर पर 6 गंवा दिए। इस दौरान पांच बल्लेबाजों को बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटना पड़ा। अब मेहमान टीम एक-एक रन के लिए संघर्ष करती नजर आई।

**रणजी ट्रॉफी में जैक्सन के नाम कई रिकॉर्ड**

रणजी ट्रॉफी में उनके और नमन ओझा के अलावा केवल चार ही ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने 100 से ज्यादा छक्के लगाए हैं। जैक्सन के अलावा मनीष पांडे, पाराग डोगरा, सौरभ तिवारी और यूसुफ पठान इस क्लब का हिस्सा हैं। जैक्सन इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सौराष्ट्र के तीसरे खिलाड़ी हैं। केवल चेतेश्वर पुजारा और सितांशू कोटक ही इस लिस्ट में उनसे आगे हैं।

**कोहली की 13 साल बाद रणजी में वापसी**

कोहली के फैंस इस दौरान आरसीबी-आरसीबी के नारे लगाते हुए उन्हें सपोर्ट करते नजर आए। बता दें कि डीडीसीए ने विराट कोहली के मैच के लिए स्टेडियम में एंट्री फ्री रखी थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 फरवरी को



**नई दिल्ली.**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ मिलकर आगामी चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 फरवरी को लाहौर में कराएगा। हालांकि, इसमें रोहित शर्मा पहुंचेंगे या नहीं, इस पर अभी तक संशय बरकरार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई रोहित को लाहौर नहीं भेजेगा। वहीं, आईसीसी और पीसीबी ने अभी तक पुष्टि नहीं की है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा प्रेस कॉन्फ्रेंस और फोटोशूट के लिए लाहौर आएंगे या नहीं। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि अगर रोहित नहीं जाते हैं तो उनकी गैरमौजूदगी में उद्घाटन समारोह किस प्रकार आयोजित की जाएगी।पीसीबी के एक सूत्र ने कहा कि चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 19 फरवरी को कराची में राष्ट्रीय स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले पहले मैच से पहले के निर्धारित कार्यक्रमों की सूची को मंजूरी दी। पीसीबी मरम्मत किए गए गद्दाफी स्टेडियम का सात फरवरी को आधिकारिक रूप से उद्घाटन करेगा जिसके लिए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है।पीसीबी 11 फरवरी को कराची में एक समारोह में पुनर्निर्मित राष्ट्रीय स्टेडियम को भी लॉन्च करेगा जिसमें राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। सूत्र ने कहा कि पीसीबी और आईसीसी कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस और फोटोशूट के कार्यक्रम पर भी काम कर रहे हैं जिसके 16 फरवरी को लाहौर में होने की संभावना है। उद्घाटन समारोह ऐतिहासिक लाहौर किले के हुजूरी बाग में तय किया गया है जिसमें विभिन्न बोर्डों के अधिकारी, मशहूर हस्तियां, खेल के दिग्गज और सरकारी अधिकारी आमंत्रित किए जाएंगे। भारत अपना पहला लीग स्टेज का मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद 23 फरवरी को पाकिस्तान से मुकाबले के बाद टीम इंडिया को सात दिन का गैप मिलेगा। इसके बाद दो मार्च को भारतीय टीम न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। भारतीय टीम ने यह टूर्नामेंट सिर्फ एक बार 2013 में जीता है। तब महेंद्र सिंह धोनी टीम के कप्तान थे। 2002 में बारिश के कारण फाइनल रद्द हो गया था। तब भारत और श्रीलंका संयुक्त विजेता रहे थे। भारतीय टीम कुल मिलाकर चार बार फाइनल में पहुंच चुकी है। 2013 और 2002 के अलावा ऐसा 2000 और 2017 में हुआ था।

# राजस्थान रॉयल्स ने लांच की अपनी नई जर्सी

**नई दिल्ली.**

आईपीएल 2025 का शेड्यूल भले ही आना बाकी हो, लेकिन इससे पहले ही राजस्थान रॉयल्स ने अपनी नई जर्सी का अनावरण कर दिया है। आईपीएल के पहले सीजन की चैंपियन टीम ने सोशल मीडिया पर अपनी नई किट को जारी किया है। इस दौरान टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा भी उपस्थित थे। राजस्थान रॉयल्स की जर्सी गुलाबी और नीले रंग की है।

राजस्थान रॉयल्स की नई जर्सी को राजस्थान में ही बनाया गया है।

इसकी डिजाइन राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के विजय स्तंभ स्मारक से प्रेरित है, जिसकी झलक जर्सी के आगे और पीछे दोनों हिस्सों में देखने को मिलेगी।

फ्रेंचाइजी ने अपनी वेबसाइट पर नई जर्सी को बिक्री के लिए भी जारी किया है।राजस्थान रॉयल्स की नई जर्सी को राजस्थान में ही बनाया गया है।

# भारतीय टीम में एक और डीएसपी की एंट्री

**नई दिल्ली.**

मोहम्मद सिराज के बाद एक और भारतीय क्रिकेटर को डीएसपी का पद मिला है। ये खिलाड़ी कोई और नहीं, बल्कि भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने डीएसपी नियुक्त किया है। इस दौरान दीप्ति को 3 करोड़ रुपये भी बतौर पुरस्कार दिए गए। दीप्ती ने डीएसपी की यूनिफॉर्म में अपने इंस्टा अकाउंट पर फोटो शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि नई भूमिका को संभालने के साथ मैं अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहूंगी और ईमानदारी से सेवा करने का वादा भी किया।

दीप्ति शर्मा ने इंस्टग्राम पर अपना फोटो शेयर करते हुए लिखा कि वह इस उपलब्धि को पाकर बहुत आभारी हैं। उन्होंने अटूट समर्थन के लिए अपने परिवार का तहे दिल से धन्यवाद किया। साथ ही लिखा कि मैं इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार का व्यक्त करती हूं। मैं यूपी पुलिस में डीएसपी की इस नई भूमिका को संभालते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहूंगी। मैं ईमानदारी से सेवा करने का वादा करती हूं। एक बार फिर से सभी के सपोर्ट के लिए धन्यवाद।



बता दें कि मुरादाबाद में आयोजित एक समारोह दीप्ति शर्मा को आधिकारिक तौर पर डीएसपी की वर्दी प्रदान की गई। इस मौके पर दीप्ति के पिता भगवान शर्मा और उनके दोनों भाई सुमित-प्रशांत भी मौजूद रहे। राज्य सरकार ने आगरा में जन्मी स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को पिछले साल ही डीएसपी नियुक्त करने का फैसला लिया था।

दीप्ति शर्मा ने साल 2024 में भारतीय टीम के लिए लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने 2024 में टी20 मैचों में 17.80 के औसत और महज 6.01 की इकॉनमी से 30 विकेट चटकाए। इसी प्रदर्शन की वजह से उन्हें आईसीसी महिला टी20 इंटरनेशनल प्लेयर ऑफ द ईयर 2024 में शामिल किया गया था।

# ख्वाजा दोहरा टेस्ट शतक जड़ने वाले दूसरे खिलाड़ी

**नई दिल्ली.**

ऑस्ट्रेलिया अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने श्रीलंका के खिलाफ दोहरा शतक जड़ी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उस्मान ख्वाजा ने टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले 38 साल से अधिक उम्र के दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनकर दिग्गज डोनाल्ड ब्रैडमैन के साथ अपना नाम दर्ज करा लिया है। ख्वाजा ने गुरुवार को गॉल में श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के दूसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक पूरा किया है। उस्मान ख्वाजा ने गॉल में पहले टेस्ट के दूसरे दिन 234 रन बनाकर टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक बनाया। यह श्रीलंकाई तट पर किसी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च टेस्ट स्कोर भी है।



इसके अलावा वह 2006 में बांग्लादेश के खिलाफ जेसन गिलेस्पी के प्रसिद्ध 201 नाबाद के बाद एशिया में दोहरा शतक बनाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बन गए। टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले अन्य खिलाड़ी मैथ्यू हेडन (चेन्नई में भारत के खिलाफ नाबाद 201), डीन जोन्स (1986 में मद्रास में बराबरी पर रहे टेस्ट में भारत के खिलाफ 210 रन), ग्रेग चैपल 1980 में पाकिस्तान के खिलाफ फैसलाबाद में 235 रन और मार्क टेलर 1998 में पेशावर में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 334 रन हैं।ऑस्ट्रेलिया फिलहाल 589/5 पर बल्लेबाजी कर रहा है, जिसमें ख्वाजा ने 234 रन, स्टीव स्मिथ ने 141 रन और डेब्यूटेंट जोश इंगलिस ने 102 की पारी खेली है। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन बारिश के कारण समय से पहले खेल समाप्त होने के बाद आज दूसरे दिन 15 मिनट पहले खेल शुरू करके 330/2 से फिर से शुरुआत की थी।

# उत्तराखंड के बैडमिंटन सितारों ने पहले दिन दिखाया दम

**देहरादून.**

38वें नेशनल गेम्स बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुषों और महिलाओं की टीम स्पर्धाओं में जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले। देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित मल्टी-पर्पस हॉल में देश के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और रोमांचक मुकाबलों में जोरदार खेल दिखाया।पुरुषों के ग्रुप बी में अरुणाचल प्रदेश और राजस्थान के बीच कांटे की टक्कर हुई, लेकिन राजस्थान ने 4-1 से शानदार जीत दर्ज की। राजस्थान की



टीम ने युगल मुकाबलों में दबदबा बनाते हुए महत्वपूर्ण एकल मैच भी जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। अरुणाचल प्रदेश ने संघर्षपूर्ण प्रदर्शन किया, लेकिन निर्णायक क्षणों में जरूरी अंक हासिल करने से चूक गई।

हिलाओं के ग्रुप बी में मेजबान उत्तराखंड ने गुजरात के खिलाफ

# आज सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी भारतीय टीम



**नई दिल्ली.**

भारतीय टीम अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में आज इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगी. टूर्नामेंट का अपना अपराजेय अभियान जारी रखना उसका लक्ष्य होगा । पहले मैच में मेजबान मलेशिया को दस विकेट से हराने के बाद भारत ने श्रीलंका को 60 रन से और बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया । वहीं सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड को 150 रन से मात दी. निक्की प्रसाद की कप्तानी वाली टीम के लिये स्कॉटलैंड के खिलाफ जी तृषा ने 59 गेंद में 110 रन बनाये जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे । वहीं उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी ने 42 गेंद में 51 रन की पारी खेली.

तृषा टूर्नामेंट में पांच मैचों में 76.66 की औसत से 230 रन बना चुकी है । इंग्लैंड की बल्लेबाज डेविना पेरिन 131 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है । भारत ने स्कॉटलैंड को सिर्फ 58 रन पर आउट कर दिया था आयुषी शुक्ला ने आठ रन देकर चार, वैष्णवी शर्मा ने पांच रन देकर तीन और तृषा ने छह रन देकर तीन विकेट लिये. वैष्णवी अब तक 12 और आयुषी दस विकेट ले चुकी हैं.

## तृषा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

निक्की प्रसाद की कप्तानी वाली टीम के लिए स्कॉटलैंड के खिलाफ जी तृषा ने 59 गेंद में 110 रन बनाये जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। वहीं उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमालिनी ने 42 गेंद में 51 रन की पारी खेली। तृषा टूर्नामेंट में पांच मैचों में 76.66 की औसत से 230 रन बना चुकी है। इंग्लैंड की बल्लेबाज डेविना पेरिन 131 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है।

# जोश इंग्लिस का डेब्यू



**नई दिल्ली.**

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जोश इंगलिस ने गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपने पहले टेस्ट मैच में 93 गेंदों पर 102 रनों की तूफानी पारी खेली। इंगलिस ने अपना पहला टेस्ट शतक सिर्फ़ 90 गेंदों पर पूरा किया, जिससे यह क्रिकेट इतिहास में टेस्ट डेब्यू पर दूसरा सबसे तेज शतक बन गया, इससे पहले पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने 2013 में मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ 85 गेंदों पर शतक बनाया था।

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शानदार अंदाज में यह उपलब्धि हासिल की, उन्होंने एक गेंद को बैकफुट से मारकर तीन रन लिए और अपना शतक पूरा किया। हालांकि, इसके तुरंत बाद वह आउट हो गए, जब मेहमान टीम 600 के करीब पहुंच रही थी, तब लय बनाए रखने की कोशिश में उन्होंने कवर पर कैच लपका और 93 गेंदों पर 102 रन बनाकर अपनी पारी समाप्त की। 29 वर्षीय यह खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी में तीसरा शतक बनाने वाला खिलाड़ी बना। इससे पहले दिन में सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (232) ने स्टीव स्मिथ के 141 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक लगाया।

इंगलिस, जिनकी उपलब्धि ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में एक दिलचस्प चलन को जोड़ा- टेस्ट डेब्यू पर शतक बनाने वाले पिछले तीन ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज सभी वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया से थे, एडम वोग्स ने 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ, शॉन मार्श ने 2011 में श्रीलंका के खिलाफ और मार्कस नॉर्थ ने 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। बुधवार को यॉर्कशायर में जन्मे इंगलिस को ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट के महान खिलाड़ी ज्योफ मार्श ने बैगी ग्रीन (ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की

# किदाम्बी श्रीकांत थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में



**नई दिल्ली.**

विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता किदांबी श्रीकांत बुधवार को चल रहे थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल स्पर्धा के दूसरे दौर में पहुंच गए । ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने बुधवार को पथुमवान में लगातार दो गेमों में 21-13, 21-18 से बैडमिंटन रैंकिंग में 74वें स्थान पर काबिज इजरायल के डेनियल डुबोवेंको को हराया। श्रीकांत, जिन्होंने आखिरी बार 2017 फ्रेंच ओपन सुपर सीरीज में बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन खिताब जीता था, अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 6-0 की बढ़त बनाने से पहले उन्होंने लय हासिल कर ली थी। भारतीय शटलर ने हालांकि अपना धैर्य बनाए रखा और 11-4 की बढ़त के साथ अंतराल तक चले गए, अंततः पहला गेम जीत लिया।दूसरे गेम में श्रीकांत ने 10-5 की आसान बढ़त ले ली श्रीकांत ने अपनी गति बढ़ा दी, मैच को उच्च स्तर पर समाप्त किया और हांगकांग के विश्व में 41वें नंबर के खिलाड़ी जेसन गुनावान के खिलाफ राउंड 16 का मुकाबला तय किया। अन्य प्रतियोगिताओं में, शंकर सुब्रमण्यम (पुरुष एकल), रुबन कुमार-हरिहरन अम्सकरुनन (पुरुष युगल) और रोहन कपूर-रुथविका शिवानी (मिश्रित युगल) और रक्षिता रामराज ने भी दूसरे दौर में जगह बनाई।संकर ने अपने शुरुआती दौर के मुकाबले में मलेशिया के चीम जून वेई को 15-21, 21-15, 21-19 से हराया और उनका अगला मुकाबला इंडोनेशिया के चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो से होगा। दूसरी ओर, रुबन और हरिहरन ने थाईलैंड के पन्नावत जामतुबटिम-रचापोल मक्कासासिथोर्न को 21-18, 21-12 से हराया, जबकि रोहन कपूर-रुथविका शिवानी ने थाईलैंड के वीराफाट फाकजरुंग-सरारत चुएबोका को 21-8, 21-16 से हराया।रक्षिता ने चीन की वू लुओ यू को एक कड़े मुकाबले में 21-19, 21-16 से हराकर राउंड ऑफ 16 में जगह पक्की की। प्रतियोगिता से बाहर होने वाले खिलाड़ियों में शामिल थे: थारुन मन्नेपल्ली, सतीश कुमार, आयुष शेट्टी और मिथुन मंजूनाथ पुरुष एकल में, तान्या हेमंत, श्रीयांशी वलीशेट्टी और तारा शाह महिला एकल प्रतियोगिता में और भारतीय पुरुष युगल जोड़ी अविनाश मोहंती-आयुष पटनायक।

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव में बीजेपी की जीत

## > हरप्रीत कौर बबला बनीं मेयर



**चंडीगढ़.**

केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ में मेयर चुनाव के नतीजे सामने आ गए हैं। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने बाजी मार ली है। भाजपा की उम्मीदवार हरप्रीत कौर बबला चुनाव जीतकर चंडीगढ़ की मेयर बन गई हैं। जानकारी के मुताबिक, मेयर चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को 19 वोट मिले। क्रॉस वोटिंग के चलते हरप्रीत कौर बबला मेयर चुनी गईं है।

**कांग्रेस ने जीता डिप्टी मेयर पद :** चंडीगढ़ में कांग्रेस के जसबीर सिंह बंटी ने सीनियर डिप्टी मेयर के पद का चुनाव जीत लिया है। जसबीर सिंह बंटी के पक्ष में 19 वोट पड़े, जबकि बीजेपी की विमला दुबे को 17 वोट मिले। हालांकि, अभी भी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन से एक क्रॉस वोट बीजेपी के पक्ष में हुआ। लेकिन बीजेपी का इसे फायदा नहीं मिला।

चंडीगढ़ में महापौर, वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के पदों के लिए चुनाव आज 30 जनवरी को होना तय था। चंडीगढ़ नगर निगम में भाजपा सदस्यों की संख्या 16 हो गई थी। नगर निगम में कांग्रेस के पार्षदों की संख्या 6 और आम आदमी पार्टी के पार्षदों की संख्या 13 थी। इसके अलावा चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी को भी नगर निगम के पदेन सदस्य के तौर पर मतदान करने का अधिकार प्राप्त था। आप और कांग्रेस ने गठबंधन के तहत मेयर का चुनाव लड़ा था।

दरअसल, आप और कांग्रेस में मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के कई दावेदार थे। चूंकि, वोटिंग सीक्रेट बैलेट के जरिए होनी थी, ऐसे में अगर 3 पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग कर देते तो बीजेपी के वोट 19 और कांग्रेस-आप के 17 वोट ही रह जाते। क्रॉस वोटिंग की जगह अगर बैलेट पेपर पर निशान लगाकर वोट को इनवैलिड कर दिया जाता, तो भी आप-कांग्रेस का खेल बिगड़ सकता था। ऐसी सूरत में सिर्फ मेयर नहीं, बल्कि बाकी 2 पदों पर भी गठबंधन की मुश्किलें बढ़ सकती था। अब जानकारी के मुताबिक, क्रॉस वोटिंग के चलते ही भाजपा की हरप्रीत कौर बबला मेयर चुनी गईं है। आपको बता दें कि हरप्रीत चंडीगढ़ के वार्ड नंबर 10 की पार्षद हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्त किया था पर्यवेक्षक :** पिछली बार चुनाव में हुए विवाद को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) जयश्री ठाकुर को चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए स्वतंत्र पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। कोर्ट ने मेयर चुनाव की कार्यवाही पर्यवेक्षक की उपस्थिति में करने को कहा था और साथ ही चुनाव की वीडियोग्राफी करने को भी कहा था।

# सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसा

## > 9 भारतीयों की मौत

**सऊदी अरब.**

सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में 9 भारतीयों की मौत हो गई है। जेद्दा में भारतीय मिशन ने इस बारे में जानकारी दी है। मिशन ने बताया कि यह हादसा पश्चिमी सऊदी अरब में जीजान के पास हुआ है। मिशन ने बताया कि वह हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों के संपर्क में है। भारतीय मिशन सऊदी के अधिकारियों के संपर्क में भी है जहां से उन्हें पूरा समर्थन मिल रहा है।

**एस जयशंकर ने जताया दुख :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वह दुर्घटना और लोगों की मौत के बारे में जानकर 'दुखी' हैं। एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री ने कहा कि जेद्दा में हमारे महावाणिज्यदूत से बात हुई, जो संबंधित परिवारों के संपर्क में हैं। वह इस दुखद स्थिति में पूरा समर्थन दे रहे हैं।

**भारतीय वाणिज्य दूतावास कर रहा है हरसंभव सहायता :** भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि हम सऊदी अरब के पश्चिमी क्षेत्र में जिजान के पास सड़क दुर्घटना में 9 भारतीय नागरिकों की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी संवेदना है। जेद्दा में भारत का महावाणिज्य दूतावास पूर्ण सहायता प्रदान कर रहा है और पीड़ित परिवारों के संपर्क में है। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना करते हैं।

# महाकुंभ भगदड़ मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली.**



प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौत मामले में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ पर स्टेटस रिपोर्ट और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट के वकील विशाल तिवारी ने जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में यह भी कहा गया है कि धार्मिक आयोजनों में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस व्यवस्था बनाई जाए। याचिका में सभी राज्यों द्वारा कुंभ मेला क्षेत्र में सुविधा सेंटर खोलने की मांग की गई है, जिससे गैर-हिंदी भाषी लोगों को सुविधा मिले।

**वीआईपी मूवमेंट पर नियंत्रण :** याचिका में मांग की गई है कि ऐसे आयोजनों में वीआईपी मूवमेंट सीमित किया जाए, ज्यादा से ज्यादा स्पेस आम आदमी के लिए रखा जाए।

**प्रमुख भाषाओं में जानकारी का प्रसार :** याचिका में बड़े धार्मिक आयोजनों में भगदड़ से बचने और लोगों को सही जानकारी दिए जाने के लिए देश की प्रमुख भाषाओं में डिस्पले बोर्ड लगाने, मोबाइल, व्हाट्सएप पर राज्यों द्वारा अपने तीर्थयात्रियों को जानकारी दिए जाने की मांग की गई है।

**मेडिकल हेल्प डेस्क की स्थापना :** याचिका में मांग की गई है कि कुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों में देश के दूसरे राज्यों से आने वाले गैर-हिंदी भाषी लोगों की सुविधा के लिए सभी राज्यों द्वारा कुंभ में मेडिकल हेल्प डेस्क स्थापित किए जाने की मांग की गई है।बता दें कि प्रयागराज महाकुंभ का आज 18वां दिन है। मौनी अमावस्या पर मची भगदड़ के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यायिक आयोग से जांच करवाने का आदेश दिया है। साथ ही पुलिस इन्क्वायरी के भी आदेश दिए गए हैं। 3 फरवरी को बसंत पंचमी पर अमृत स्नान होगा। इसके लिए यूपी के मुख्य सचिव और डीजीपी प्रयागराज का दौरा करेंगे। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। सभी वीआईपी पास रद्द कर दिए गए हैं। 4 फरवरी तक श्रद्धालुओं को पैदल ही संगम तक जाना होगा। प्रयागराज शहर में भी चार पहिया गाड़ियों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। केवल बाइक, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को ही शहर में जाने की इजाजत होगी।

# रोडवेज बस से कार की भिड़ंत में 3 की मौत

## > महाकुंभ में स्नान करके वापस लौट रहे थे श्रद्धालु

**जौनपुर.**



उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में महाकुंभ से स्नान करके कार से लौट रहे 3 श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिले के मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र में गुरुवार को तड़के प्रयागराज महाकुंभ से स्नान करके वापस लौट रहे श्रद्धालुओं की कार और एक रोडवेज बस के बीच आमने-सामने की टक्कर होने से 2 महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना में कार में सवार तीन अन्य लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की भी खबर है।

**अलग-अलग जिलों से थे कार सवार :** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि महराजगंज जिले के समदेऊआ थाना क्षेत्र में स्थित धनहानायक गांव के निवासी 45 वर्षीय संजय सिंह, उनकी पत्नी 43 वर्षीय विद्यावती, 52 वर्षीय महेश तिवारी, उनकी पत्नी 47 वर्षीय किरण देवी, गोरखपुर जिले के खोरावर गांव निवासी 40 वर्षीय बिंदु सिंह और गोरखपुर की ही झगहा गांव निवासी 50 वर्षीय विमला देवी प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर कार से अपने घर लौट रहे थे।

**भिड़ंत में कार के परखच्चे उड़ गए' :** एसपी ने बताया कि उनकी कार जौनपुर-रायबरेली हाइवे पर सतहरिया पुलिस चौकी के पास पहुंची, तभी सामने से तेज गति से आ रही एक रोडवेज बस से उसकी टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना में संजय सिंह, बिंदु सिंह और विमला देवी की मौके पर ही मौत हो गई।

**बस पर कोई भी यात्री सवार नहीं था' :** एसपी ने बताया कि घटना में महेश तिवारी, विद्यावती सिंह तथा किरन देवी तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। इन सभी को सतहरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत देख डॉक्टर ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्र ने बताया कि हादसे के बाद बस ड्राइवर फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। बस पर कोई भी यात्री सवार नहीं था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं।

# कुरान की प्रतियां जलाने वाले शख्स की हत्या

## > स्वीडन में सलवान मोमिका को मारी गई गोली

**स्टॉकहोम:**



स्वीडन में सलवान मोमिका नाम के शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस शख्स ने साल 2023 में कई बार कुरान की प्रतियां जलाई थीं। कुरान की प्रतियां जलाने का यह मामला इतना बढ़ गया था कि मुस्लिम देशों ने भी इसकी आलोचना की थी। सलवान इराकी मूल का एक ईसाई नागरिक था। स्वीडिश मीडिया ने बताया कि पास के शहर में हुई गोलीबारी के दौरान सलवान की मौत हुई है।

**मोमिका के खिलाफ सुनाया जाना था फैसला :** स्टॉकहोम डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने कहा कि मोमिका के खिलाफ एक मुकदमे में फैसला सुनाया जाना था, जिसे टाल दिया गया क्योंकि आरोपी की मौत हो गई। कोर्ट के एक जज गोरान लुंडाहल ने पुष्टि की कि मृतक मोमिका ही थी। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि मोमिका की मौत कब और कैसे हुई।

**पुलिस ने शुरू की जांच :** पुलिस ने कहा कि उन्हें स्टॉकहोम के पास सोडरतालजे में बुधवार रात को गोलीबारी की सूचना मिली थी और उन्हें एक व्यक्ति मिला जो गोली लगने से घायल था। बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। कई मुस्लिम देशों में मोमिका के खिलाफ कुरान के अपमान के बाद विरोध प्रदर्शन भी हुए थे। रिपोर्ट्स से पता चलता है कि फ्री स्पीच के कारण स्वीडन की सरकार मोमिका के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही थी। नाराज इस्लामिक देशों में इसे लेकर लगातार प्रदर्शन हुए थे। इराक में स्वीडिश दूतावास पर हमला भी हुआ था। विरोध के चलते स्वीडन ने 2023 में मोमिका का निवास परमिट रद्द कर दिया था। इराक ने उसके प्रत्यर्पण की मांग भी की थी लेकिन स्वीडिश अधिकारियों ने इससे इनकार कर दिया था।

# हाथ-पैर बांधकर बच्चों के सामने किया रेप

## > तेजाब डालकर हो गया फरार

**कछार.**




असम के कछार जिले से एक खौफनाक घटना सामने आई है। पड़ोसी ने महिला के घर में घुसकर उसके साथ रेप किया। आरोपी ने इस घिनौने अपराध को उसके बच्चों के सामने ही अंजाम दिया। इतना ही नहीं, महिला से रेप करने के बाद उस पर तेजाब डालकर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना कछार जिले के धोलाई थाना क्षेत्र की है। घटना की जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी।

पुलिस के अनुसार, धोलाई थाना क्षेत्र में 30 वर्षीय महिला से उसके दो बच्चों के सामने दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी 28 वर्षीय चालक है और पीड़ित परिवार के पड़ोस में रहता है। आरोपी महिला के घर में घुस आया और उसने महिला के दो बच्चों के सामने उससे दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक, वह महिला पर तेजाब डालकर वहां से भाग गया। महिला का पति जब घर पहुंचा तो उसने अपनी पत्नी के हाथ और पैर बंधे देखे।

**महिला की हालत गंभीर :** पुलिस ने बताया कि घटना 22 जनवरी की है और मामला अगले दिन दर्ज किया गया। महिला को सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत गंभीर बताई जाती है। पुलिस ने कहा कि घटना के बाद से फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# केजरीवाल की कोर्ट में पेशी 17 फरवरी को

## > यमुना में जहर' वाले बयान पर

**नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल एक बार फिर मुश्किलों में फंसते नजर आ रहे हैं। 'यमुना में जहर' वाले आप सुप्रीमो के बयान पर हरियाणा की सरकार ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। हरियाणा सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत केजरीवाल के खिलाफ सोनीपत की अदालत में केस दायर कराया है। इसके बाद सोनीपत कोर्ट ने केजरीवाल को समन भेजा है और 17 फरवरी को पेश होने का आदेश दिया है। हरियाणा सरकार की दलील है कि केजरीवाल के बयान से दहशत फैल सकती थी ऐसे में चुनाव आयोग को केजरीवाल की कैंपेनिंग पर बैन लगाना चाहिए।

**केजरीवाल ने चुनाव आयोग में दाखिल किया जवाब :** चुनाव आयोग ने शिकायत के बाद केजरीवाल को बयान पर जवाब दाखिल करने को कहा था जिस पर आप नेता ने 14 पेज का जवाब दाखिल किया है। केजरीवाल ने अपने जवाब में कहा कि उन्होंने तथ्यों के आधार पर बयान दिया है और कोई भी कानून नहीं तोड़ा है। वहीं, दूसरी तरफ राहुल गांधी का कहना है कि झूठ बोलना केजरीवाल की फितरत है। कांग्रेस नेता ने कहा कि 10 साल में केजरीवाल की सरकार ने यमुना को साफ नहीं किया। उन्होंने केजरीवाल को चुनौती दी किअगर उनमें हिम्मत है तो यमुना में डुबकी लगाने का वादा पूरा करके दिखाएं।

### जन्मदिन पर 'स्विमिंग पूल' में डूबी बच्ची

**विल्लुपुरम (तमिलनाडु) :** एक छोटी सी लापरवाही के कारण 6 साल की बच्ची की अपने जन्मदिन के जश्न के दौरान ही मौत हो गई। चौंका देने वाली यह घटना तमिलनाडु के मरक्कनम के पास एक 'रिसॉर्ट' की है, जहां अपने जन्मदिन का जश्न मनाते समय 'स्विमिंग पूल' में डूबने से 6 साल की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लड़की अपने माता-पिता और 10 वर्षीय भाई के साथ 'रिसॉर्ट' के 'स्विमिंग पूल' में खेल रही थी। बाद में लड़की की मां उसे कमरे में ले गई, लेकिन लड़की फिर से वापस आ गई और फिसलकर 'स्विमिंग पूल' में गिर गई।

# ताइवान में सुबह भूकंप के भयानक झटके



**चियाई काउंटी :**

दुनियाभर के विभिन्न हिस्सों में लगातार भूकंप की घटनाओं ने लोगों को खौफ से भर दिया है। गुरुवार को सुबह में ताइवान में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए है। खतरनाक बात ये थी कि एक तेज भूकंप आने के बाद कम तीव्रता के भूकंप के कम से कम 12 झटके और लगे हैं। ताइवान की केंद्रीय मौसम एजेंसी और अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इस भूकंप के बारे में जानकारी दी है। आइए जानते हैं पूरा मामला।

**कितनी थी भूकंप की तीव्रता?** जानकारी के मुताबिक, ताइवान में गुरुवार को सुबह 10 बजकर 11 मिनट पर 5.6 तीव्रता का भूकंप आया है। ये भूकंप चियाई काउंटी के दापू कस्बे में 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। बताया गया है कि इस भूकंप का केंद्र राजधानी ताइपे से करीब 250 किलोमीटर (155 मील) दक्षिण में था।

**भूकंप के 12 कमजोर झटके भी लगे :** जानकारी के मुताबिक, बड़ी तीव्रता के इस भूकंप के कारण ताइपे में इमारतें हिल गईं। इस भूकंप के बाद दापू में भूकंप के कम से कम 12 मामूली झटके आए। अब तक इस भूकंप के कारण किसी जान-माल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है। बता दें कि इससे पहले 21 जनवरी को दापू में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया था। इस भूकंप में 15 लोगों को चोटें आईं थीं। वहीं, और इमारतों एवं एक राजमार्ग पुल को नुकसान पहुंचा था।

# केजरीवाल के घर के बाहर स्वाति मालीवाल ने फेंका कूड़ा

## > 3 गाड़ियों में भरकर पहुंचीं थीं
## > पुलिस ने हिरासत में लिया

**नई दिल्ली.**




आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल आज विकासपुरी से 3 गाड़ियों में कूड़ा भरकर आम आदमी पार्टी के नेशनल कन्वीनर और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर पहुंच गईं. उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी में सफाई व्यवस्था मुहैया कराने में विफल रही है, इसलिए अब वह अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर कूड़ा फेंकेंगी. इसके बाद पुलिस ने स्वाति मालीवाल को हिरासत में ले लिया

इस दौरान स्वाति मालीवाल ने कहा कि पूरा शहर कूड़ेदान में बदल गया है, मैं यहां अरविंद केजरीवाल से बात करने आई हूं. मैं उनसे कहूंगी कि सुधर जाओ वरना जनता सुधर देगी. मैं न तो उनके गुंडों से डरती हूं और न ही उनकी पुलिस से. स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पहले एक पोस्ट में कहा था कि '3 ट्रक भरकर कचरा लेकर केजरीवाल जी के घर पहुंचने वाली हूं, केजरीवाल जी डरना मत, जनता के सामने आना और देखना क्या हाल बनाया है दिल्ली का'.

हिरासत में लिए जाने के बाद स्वाति मालीवाल ने कहा कि आज पूरी दिल्ली कूड़ादान बन गई है, आज मैं यहां केजरीवाल से मिलने और पूछने आई हूं कि दिल्ली कूड़ा कहां फेंके?

**केजरीवाल को जमीनी हकीकत का कोई अंदाजा नहीं: :** विकासपुरी में राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि यह विरोध किसी पार्टी के खिलाफ नहीं है. आज दिल्ली का हाल बेहाल है. दिल्ली का हर कोना गंदा है, सड़कें टूटी हुई हैं और नालियां ओवरफ्लो हो रही हैं. विकासपुरी की महिलाओं ने शिकायत की थी कि सड़क पर कूड़े का ढेर बन गया है और विधायक से शिकायत करने के बावजूद भी कोई इसे साफ करवाने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा है. मैं यहां महिलाओं द्वारा आयोजित सफाई अभियान में भाग लेने आई हूं. हम यह कूड़ा अरविंद केजरीवाल के घर पर लेकर जाएंगे और उनसे पूछेंगे कि उन्होंने दिल्ली के हर इलाके को जो गंदा तोहफा दिया है, उसका क्या करें? उन्होंने कहा कि केजरीवाल अब आम आदमी नहीं रहे, उन्हें दिल्ली की जमीनी हकीकत का कोई अंदाजा नहीं है.

# भ्रष्टाचार की दौड़ में केजरीवाल गोल्ड मैडल जीतेंगे: फडणवीस

**नई दिल्ली.**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने आम आदमी पार्टी (AAP) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर बुधवार को बिना सोचे समझे बोलने और राष्ट्रीय राजधानी के लोगों से विकास के झूठे वादे करने का आरोप लगाया। फडणवीस ने यहां रोहिणी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर ओलंपिक में भ्रष्टाचार की दौड़ होगी तो केजरीवाल स्वर्ण पदक जीतेंगे। उन्होंने मतदाताओं से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाने का आग्रह किया ताकि दिल्ली का तेज विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली को ''आप सरकार के कुशासन'' के कारण सीवर, गंदे पानी और प्रदूषित हवा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**केजरीवाल इस दुनिया के सबसे बेईमान व्यक्ति हैं':** भाजपा उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता के लिए प्रचार करते हुए फडणवीस ने कहा, ''केजरीवाल को अन्ना हजारे से बेहतर कौन जान सकता है? मैं यहां आने से पहले अन्ना हजारे से मिल चुका हूं। उन्होंने मुझसे कहा कि केजरीवाल इस दुनिया के सबसे बेईमान व्यक्ति हैं।'' केजरीवाल ने 2011 में सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे के साथ भ्रष्टाचार रोधी आंदोलन किया था और देखते ही देखते वह प्रसिद्ध हो गए थे। बाद में केजरीवाल और अन्ना हजारे के रास्ते अलग हो गए थे।

**आप में बेदाग मंत्री मिलना मुश्किल':** रैली में फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश में बिना भ्रष्टाचार के विकास लाने का श्रेय दिया। फडणवीस ने कहा, "लेकिन 'आप' में बेदाग मंत्री मिलना मुश्किल है। अगर ओलंपिक में भ्रष्टाचार की दौड़ हो तो केजरीवाल निश्चित रूप से स्वर्ण पदक जीतेंगे।''